उज्जैन
मंगलवार
12
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-188
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



जस्मीन भसीन बोलीं- सड़क पार करने से भी डर लगता था खतरों के खिलाड़ी में नजर आएंगी कहा- खुद को कमजोर साबित होने से बचाना है

पेज- 8

## हाईकोर्ट में राहुल गांधी की संपत्ति मामले में सुनवाई आज

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में आज सुनवाई होगी।



इससे पहले 7 मई को सुनवाई हुई थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने सौंपे गए दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का निवेदन किया था। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफर अहमद की खंडपीठ ने मामले से जुड़े दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए थे। अदालत ने कहा था कि याचिका से संबंधित अभिलेख सीलबंद रखे जाएं। उन्हें वरिष्ठ रजिस्ट्रार की निगरानी में सुरक्षित रखा जाए। अगली सुनवाई के दौरान ही बेंच सचिव की मौजूदगी में सील खोली जाए।

## हंतावायरस के संपर्क में आए 17 यात्री अमेरिका लाए गए

**वॉशिंगटन।** हंता वायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया है। यहां उन्हें 42 दिनों तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा। अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन सभी यात्रियों को अमेरिकी सरकार के स्पेशल विमान से वापस लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं, जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। इसके बाद एक यात्री में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरे में हल्के लक्षण पाए गए हैं। एहतियात के तौर पर दोनों को स्पेशल सिक्योरिटी सिस्टम में लाया गया।

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा: नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं,



लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है। सीबीएस न्यूज के शो 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस समय 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कमजोर दौर में है। उनके मुताबिक, शासन के भीतर दरारें बढ़ रहीं हैं और अलग-अलग गुटों में मतभेद सामने आ रहे हैं।

## टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा, बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। टीएमसी ने दावा किया कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है।


### पीएम मोदी की अपील का बीजेपी नेताओं पर ही असर नहीं

# 200 गाड़ियों के काफिले के साथ पदभार ग्रहण करने पहुंचे पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इजराइल-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देशवासियों से डीजल-पेट्रोल का संयमित उपयोग करने की अपील की है। पीएम ने एक साल तक सोना न खरीदने, गैरजरूरी विदेश यात्रा टालने की अपील भी पीएम ने नागरिकों से की है। पीएम मोदी की अपील का बीजेपी के ही नेताओं पर असर नहीं हो रहा है।

पाठ्यपुस्तक निगम के नए अध्यक्ष बनाए गए सौभाग्य सिंह ठाकुर उज्जैन से दो सौ से ज्यादा गाड़ियों का काफिला लेकर भोपाल पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी के साथ कार्यालय परिसर में लगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।






### हाईवे से लेकर भोपाल के रास्तों पर लगा जाम

उज्जैन से भोपाल के रास्ते में सौभाग्य सिंह ठाकुर के काफिले के कारण कई जगहों पर लंबा जाम लग गया। भीषण गर्मी में जाम के कारण वाहनों में सवार यात्री और खासकर बच्चे, बुजुर्ग परेशान होते नजर आए। भोपाल में बीजेपी ऑफिस से लेकर बोर्ड ऑफिस, डीबी मॉल के सामने से लेकर अरेरा हिल्स तक जाम लगता रहा।

### पीएम मोदी ने देशवासियों से ये की है अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मई को हैदराबाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में नागरिकों से आर्थिक संयम और सादगी की अपील की। पीएम ने कहा कम से कम एक साल तक अनावश्यक या डिस्क्रिशनरी सोने की खरीदारी टालें। गैर-जरूरी विदेश यात्राएं, वेकेशन या डेस्टिनेशन वेडिंग एक साल के लिए स्थगित करें। देश में ही पर्यटन और शादियां करें। पीएम ने कहा वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा दें, ऑनलाइन मीटिंग्स करें, मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें, कारपूलिंग करें, इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ें।

# एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया महाकाल मंदिर पहुंचीं



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद लिया। तड़के करीब 3 बजे मंदिर पहुंचीं तमन्ना भाटिया नंदी हाल में बैठकर भक्ति भाव से भस्म आरती में शामिल हुईं। इस दौरान वे मस्तक पर चंदन लगाए पूरी तरह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। करीब दो घंटे तक उन्होंने भस्म आरती का दिव्य नजारा देखा। आरती के बाद अभिनेत्री ने नंदीजी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के हाथों जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। भस्म आरती के बाद तमन्ना ने कहा, आज भगवान ने मुझे बुलाया था। बाबा महाकाल के बुलावे पर ही भक्त यहां आते हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। आज जो आरती देखने को मिली, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती।

### मंत्री आशीष सेलार का ऐलान

# महाराष्ट्र के मंत्री फ्रांस नहीं जाएंगे

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। विदेशी यात्राओं से बचें।

इसे देखते हुए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष सेलार ने सोमवार को ऐलान किया कि वे इस साल फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगे। पीएम मोदी ने 10 मई को तेलंगाना के हैदराबाद और फिर 11 मई को गुजरात के वडोदरा में जनसभा को संबोधित करते हुए बचत की बात कही थीं। वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। आशीष शेलार ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखते हुए विभागीय खर्च में संयम बरतने का फैसला लिया गया है।

# रिपोर्ट- जंग में यूएई ने भी ईरान पर हमले किए

### अप्रैल में लावान द्वीप की ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया, ट्रम्प बोले- ईरानी लीडरशिप बेईमान

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ तेल अवीव

संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर गुप्त सैन्य हमले किए। यह दावा वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल में ईरान के लावान द्वीप स्थित ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया गया था, जिससे वहां बड़ी आग लग गई और उत्पादन लंबे समय तक प्रभावित रहा।

रिपोर्ट के मुताबिक हमला अप्रैल की शुरूआत में हुआ, उसी समय जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प युद्धविराम की घोषणा कर रहे थे। ईरान ने उस समय कहा था कि रिफाइनरी दुश्मन के हमले में क्षतिग्रस्त हुई है। इसके बाद तेहरान ने वअए और कुवैत पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वअए ने इन हमलों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया है। हालांकि वअए विदेश मंत्रालय ने कहा कि देश को किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने का अधिकार है, जिसमें सैन्य कार्रवाई भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका इस हमले से नाराज नहीं था, क्योंकि उस समय युद्धविराम पूरी तरह लागू नहीं हुआ था। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरानी नेतृत्व को बेईमान बताया है। उन्होंने कहा कि ईरानी नेता बार-बार अपनी बात बदलते हैं और बातचीत को लंबा खींचते हैं। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि जिन दस्तावेजों को पहुंचने में 20 मिनट लगने चाहिए, उन्हें ईरान 5 दिन बाद भेजता है।

## रिटायर कर्मचारी ने पत्नी बेटे और बेटी की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ जमशेदपुर

लौह नगरी जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको इलाके में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां टाटा स्टील के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी ने अपने ही परिवार के तीन सदस्यों की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी।

घटना एग्रिको स्थित क्वार्टर नंबर एल 5/13 की है, जो राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के निजी आवास के बिल्कुल समीप स्थित है। आरोपी की पहचान रवींद्र प्रसाद सिंह के रूप में हुई है, जो इसी वर्ष फरवरी में टाटा स्टील से सेवानिवृत्त हुए थे। जानकारी के अनुसार, आरोपी रविंद्र ने रविवार 10 मई की रात को ही अपनी 55 वर्षीय पत्नी सरिता सिंह, 31 वर्षीय बेटी सुप्रिया सिंह और 30 वर्षीय बेटे रविशेक कुमार पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। हैरत की बात यह है कि हत्या के बाद आरोपी रात भर तीनों शवों के साथ घर के भीतर ही रहा।

# 26 साल बाद आचरण नियम नए सिरे से निर्धारित

### अब कोई भी अफसर मूल वेतन से अधिक राशि का उपहार एक बार में नहीं ले सकेगा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

जिला हो या फिर प्रदेश के किसी भी स्थान पर सिविल सेवा के अफसर तैनात हो लेकिन वे अपने मूल वेतन से अधिक राशि का उपहार एक बार में नहीं ले सकेंगे। दरअसल प्रदेश सरकार करीब 26 साल बाद सिविल सेवा के अधिकारियों-कर्मचारियों के आचरण नियम नए सिरे से निर्धारित कर रही है। इसमें यह प्रावधान किया जा रहा है कि कोई भी अधिकारी अपने मूल वेतन से अधिक राशि का उपहार एक बार में नहीं ले सकेगा। इसका मतलब यह भी नहीं है कि वह बार-बार कार्यक्रम आयोजित कर उपहार ले सकेगा।

इसके लिए अधिकतम सीमा भी निर्धारित होगी। वहीं, छह माह के मूल वेतन से अधिक राशि का निवेश करने पर अपने प्रशासकीय विभाग को सूचना देनी होगी। इस तरह के अन्य प्रावधान भी प्रस्तावित किए गए हैं। मुख्य सचिव मप्र की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में प्रस्ताव को अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट के समक्ष रखने के निर्देश दिए गए। मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम वर्ष 1965 में बने थे और इनमें आखिरी बार वर्ष 2000 में संशोधन किया गया था। वर्तमान नियम में कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी विवाह, वर्षगांठ, अंत्येष्टि या धार्मिक समारोह जैसे अवसरों पर 1,500 रुपये से अधिक का नकद उपहार स्वीकार नहीं कर सकता, लेकिन वर्तमान दौर में इसे अव्यावहारिक माना गया। वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों की समिति ने केंद्र सरकार के प्रविधान का अध्ययन किया और यह प्रस्ताव दिया गया कि कर्मचारियों को एक बार में अपने एक माह के मूल वेतन के बराबर नकद उपहार लेने की अनुमति दी जा सकती है।



## खबर एक नजर...

### दिल्ली के परिवार की नींद खुलने पर गायब मिला पर्स

**उज्जैन।** नईदिल्ली-इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस से दिल्ली का तलवार परिवार महकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहा था। ट्रेन के सेकेंड एसी कोच ए-2 में यात्रा के दौरान परिवार की नींद लग गई। ट्रेन के नागदा पहुंचने पर परिवार जागा तो पर्स गायब मिला। पर्स में 80 हजार का आईफोन, 50 हजार रुपए नगद और अन्य कीमती सामान रखा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर परिवार ने मामले की शिकायत जीआरपी पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि पर्स की कीमत 25 हजार रुपए है। उसमें रखा सामान और नगद 1.30 लाख रुपए का है। जीआरपी ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच नागदा जीआरपी को भेजी है। विदित हो कि ट्रेनों में आये दिन यात्रियों का सामान चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। लम्बी दूरी की ट्रेनों में बदमाश यात्रा करते है और सामान चोरी के बाद रास्ते में ट्रेन का स्टापेज आने पर उताकर भाग निकलते है।

### उज्जैन-देवास मार्ग दुर्घटना में कार चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम पालखंदा में उज्जैन-देवास मार्ग पर 3 मई को हुई दुर्घटना में राकेश पिता विजय खत्री निवासी विजसनगर देवास की मौत हो गई थी और रिश्तेदार मोनिका पति योगेन्द्र पांचाल निवासी भगवती विहार देवास गंभीर घायल हो गई थी। नरवर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। सात दिन बाद पता चला कि मृतक और घायल महिला की स्कूटी को पीछे से कार ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने के बाद कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। जिसकी गिरफ्तारी कर कार को जप्त किया जायेगा।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में रहने वाले निखिल पिता राजेश 23 साल ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। परिजन भी कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं थे। ड्युटी कम्पाउंडर की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### निर्माणधीन मकान की छत से गिरा 3 साल का बालक

**उज्जैन।** निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहे परिवार का 3 वर्षीय बालक सोमवार को छत से गिर गया। गंभीर हालत में बालक को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महामृत्यंजय द्वार के पास चार मंजिला मकान बन रहा है। जहां मजदूरी के लिये बड़वानी का रहने वाला उमेश भावरे पत्नी और बच्चे के साथ आया हुआ है। सोमवार सुबह पति-पत्नी काम में लगे थे, उसी दौरान खलते समय 3 वर्षीय पुत्र पियुष अचानक चौथी मंजिल की छत से दूसरी मंजिल की छत पर आ गिरा। आवाज सुनकर पति-पत्नी भागे और घायल हो चुके पुत्र को उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने अंदरुनी चोंट होने पर उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना नानाखेड़ा थाना पुलिस को मिली तो घायल बालक के परिजनों के बयान दर्ज करने पहुंची।

### पंखे का तार निकाल रही महिला को लगा करंट

**उज्जैन।** इंदौररोड स्थित मोतीनगर में रहने वाली नेहा पति मनोहर 30 साल को सोमवार दोपहर करंट लग गया। बेसुध होने पर पति चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। नेहा की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पति मनोहर ने बताया कि पंखा बंद करने के लिये नेहा ने तार निकाला था, उसी दौरान करंट लगा है। अस्पताल स्टॉफ ने घटना की जानकारी नानाखेड़ा थाना पुलिस को दी है।

---

### पांच अलग-अलग दल पहुंचे शहर एवं अंचल में डाक्टरों की नब्ज जांचने

# भैरवगढ़ एवं ढांचा भवन में क्लिनिक सूने मिले

## स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से हडकंप, राजनैतिक दबाव शुरू



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अवैध अस्पताल में अपेंडिक्स के आपरेशन के बाद बच्ची की मौत के मामले ने स्वास्थ्य विभाग प्रशासन की सांस चढी हुई है। सोमवार से स्वास्थ्य विभाग के 5 दलों ने शहर के क्लिनिक एवं अस्पतालों की जांच का काम शुरू कर दिया है। पहले दिन ही जांच से निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों में हडकंप की स्थिति बन गई है। जांच दलों पर पहले दिन में ही राजनैतिक दबाव शुरू होने की जानकारी सामने आ रही है।

उज्जैन शहर में संचालित समस्त क्लिनिकों एवं अस्पतालों के प्रभावी निरीक्षण के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.अशोक पटेल ने 5 जांच दलों का गठन करते हुए उन्हें सोमवार से मैदान में उतार दिया। जांच दलों के पहले दिन की कार्रवाई से ही क्लिनिक एवं अस्पतालों में जमकर कमियां सामने आने की जानकारी मिल रही है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग प्रशासन पर देर शाम से ही राजनैतिक दबाव की स्थिति बनने की जानकारी उभर रही है। बनाए गए 5 जांच दल क्लिनिक एवं अस्पतालों का निरीक्षण करते हुए अनियमितताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

### मांगने पर मिले पंजीयन

दलों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि फ्रीगंज क्षेत्र में अस्पतालों पर पहुंची टीम के मांगने पर पंजीयन दिखाये गए,जबकि पंजीयन को बाहर ही लगाने का नियम है। यही नहीं इसके अतिरिक्त भी बायो मेडिकल वेस्ट के पंजीयन एवं विभागीय नियमों का पालन में कोताही मिली है। इसे लेकर अपरांह से ही दलों के पास राजनैतिक दबाव के लिए फोन पहुंचने शुरू हो गए हैं।

**डाक्टर गायब, सूने मिले क्लिनिक-** एक अन्य दल से मिली जानकारी के अनुसार जांच के लिए टीम पहुंची तो ढांचा भवन माता मंदिर के पास डाक्टर गायब था और उनका क्लिनिक सूना पडा था। काफी देर इंतजार के बाद भी डाक्टर नहीं मिले । इसी तरह का मामला भैरुगढ में भी सामने आया है। यहां थाना के पास ही ऐसा रहा है। भैरुगढ़ में दो जगह क्लिनिक पर बीएचएमएस डिग्रीधारी डाक्टर मिले थे। इन्हें सूचना पत्र देते हुए बुलवाया गया है। कानीपुरा में क्लिनिक की जांच में उसके पंजीयन की स्थिति सही मिली एवं उपचार को लेकर भी सही स्थिति सामने आई है।

**नियम ये कहता है-** स्वास्थ्य विभाग के रुग्णालय पंजीयन के नियमों पर अगर नजर डाली जाए तो क्लिनिक एवं अस्पताल के पंजीयन को बाहर ही स्पष्ट्य होने वाली स्थिति में लगाया जाना है। इसके साथ ही संशोधित नियमों में बायो मेडिकल वेस्ट के पंजीयन के साथ ही डिग्री का प्रदर्शन भी किया जाना है। यही नहीं संबंधित क्लिनिक एवं अस्पताल के पर्चे पर पंजीयन का नंबर एवं दिनांक अंकित किया जाना है।

---

# अशोक जाट के जिलाबदर के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस से झड़प और लाठीचार्ज

### एएसपी के पीछे पैर पड़ने के लिए घूमते रहे विधायक महेश परमार, वीडियो वायरल



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट को जिलाबदर किए जाने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस, किसान संगठनों और जाट समाज ने उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें किसान जयराम जाट घायल हो गए। वहीं तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायक महेश परमार और पुलिस अधिकारियों के बीच हुई बहस का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में विधायक महेश परमार एडिशनल एसपी आलोक शर्मा के पीछे-पीछे घूमते हुए उनके पैर पड़ने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वे सड़क पर दंडवत प्रणाम करने लगे, जबकि एएसपी वहां से हटते नजर आए। इधर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट ने जिला बदर की कार्रवाई को इंदौर हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने कार्रवाई के खिलाफ याचिका दायर की है। मामले में अब 13 मई को सुनवाई होगी।

**किसानों की लड़ाई जारी रहेगी— दिनेश जैन बोस-** महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि वे किसानों की लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उज्जैन आते समय पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं।

**गुंडे खुलेआम घूम रहे, किसान नेता पर कार्रवाई — महेश परमार-** कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक जाट किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा सक्रिय रहते हैं। ऐसे नेता को जिलाबदर कर दिया गया, जबकि शहर में गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता को कलेक्टर परिसर तक नहीं पहुंचने दिया।

**बैरिकेड पर चस्पा किया ज्ञापन-** जाट समाज के युवा नेता राधे जाट ने बताया कि कांग्रेस, किसान संगठन और जाट समाज के लोग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन कलेक्टर मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पर ही ज्ञापन चस्पा कर विरोध दर्ज कराया। राधे जाट ने प्रशासन को 21 मई तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि अशोक जाट पर की गई कार्रवाई वापस नहीं ली गई और मांगें नहीं मानी गईं, तो 21 मई को प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। अगला प्रदर्शन भोपाल में होगा। ट्रैक्टरों के साथ उज्जैन पहुंच रहे थे कार्यकर्ता कांग्रेस विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और किसान कार्यकर्ता ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने उज्जैन पहुंच रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें बड़नगर रोड स्थित ब्रिज के नीचे रोक दिया।

**हजारों किसानों को रास्ते में रोका गया — डॉ. रवि राय-** नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आंदोलन में शामिल होने आ रहे करीब 2000 किसानों को मोहनपुरा और मुल्लापुरा ब्रिज के नीचे रोका गया, जबकि 1500 किसानों को कानीपुरा और आगर रोड सहित अन्य सीमाओं पर रोक दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कांग्रेस के डीजे वाहन को भी धमकाकर वहां से हटाया। जब किसानों और नेताओं ने बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, तब पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठियां भांजीं।

**पांच घंटे तक चला आंदोलन, अधिकारियों ने नहीं लिया ज्ञापन-** दोपहर 12 बजे शुरू हुआ आंदोलन करीब पांच घंटे तक चला। हजारों किसान और कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कोठी स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और घेराव किया। प्रदर्शनकारी करीब साढ़े तीन घंटे तक तेज धूप में धरने पर बैठे रहे, लेकिन प्रशासन का कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। इसके बाद आक्रोशित किसानों ने कलेक्टर कार्यालय के गेट पर ही ज्ञापन चस्पा कर दिया। इस दौरान पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

**व्यापारियों पर कार्रवाई नहीं, उल्टा अशोक जाट पर केस — धर्मेंद्र चौहान-** प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि मंडियों के बाहर व्यापारी किसानों की फसल तौलते समय एक क्विंटल पर 8 से 10 किलो अतिरिक्त अनाज ले रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर किसान नेता अशोक जाट ने विरोध किया और कार्रवाई की मांग उठाई, लेकिन व्यापारियों पर कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन ने अशोक जाट पर ही सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रकरण दर्ज कर उन्हें जिलाबदर कर दिया।

---

# 18 मई से उमा देवी शुक्ला रामायणी के मुखारविंद से बरसेगा रामकथा का रस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

18 मई से इंदौर रोड स्थित प्रीति परिसर के रामेश्वर महादेव मंदिर में रामकथा का रस बरसेगा। उमा देवी शुक्ला रामायणी के मुखारविंद से कथा होगी और 26 मई तक राम कथा के विभिन्न प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। कथा प्रारंभ होने के अवसर पर 18 मई की सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकलेगी। इसमें केसरिया या पीले रंग के वस्त्र धारण कर भक्त शामिल होंगे। आयोजक गोपाल सिंह और अर्चना तोमर ने बताया कि होटल अंजूश्री के पीछे प्रीति परिसर इंदौर रोड के रामेश्वर महादेव मंदिर के आंगन में कथा का आयोजन 26 मई तक प्रति दिन दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक होगा। कथा वाचक उमा देवी शुक्ला रामायणी कथा का वाचन करेगी। इस संगीतमय कथा के दौरान राम जन्म से लेकर अन्य प्रसंगों की विस्तार से व्याख्या कथा वाचक द्वारा की जाएगी। कथा पूर्णाहुति 26 मई की दोपहर 12 बजे से होगी और इस अवसर पर हवन आदि के साथ प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन में महिला भक्तों का भी सहयोग है। कथा का रसपान करने के लिए आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है।

# देवी प्रवचन में शक्ति पीठों का बताया महत्व, महायज्ञ में डाल रहे आहुतियां

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्री वैदिक गौ लोक सनातन पीठ श्री गव्य लक्ष्मी गांव लक्ष्मीपुरा में देवी प्रवचन और 108 कुण्डीय सहस्त्र चण्डी अतिरुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महंत स्वामी डॉक्टर संदीप दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन के तहत चौथे दिवस साध्वी हर्षानंद गिरि ने देवी प्रवचन में 52 शक्तिपीठों के महत्व को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम संयोजक राजपाल सिंह सिसोदिया ने बताया कि 14 मई 2026 तक संपन्न होने जा रहे इस अनुष्ठान के प्रथम चतुर्थ दिवस में दिव्य सत्संग में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, श्री महायज्ञ स्थल पर पंडाल में स्थापित देवताओं के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त कर एवं भक्त गण यज्ञ आहूतियों के दौरान उच्चारित होने वाले मंत्रों को सुनकर धन्य हो रहे है। साध्वी जी ने कहा कि जगत जननी माँ जगदंबा के बिना सृष्टि का सृजन संभव नहीं। सिसोदिया ने बताया कि महायज्ञ के आचार्य पंडित रमाकांत अग्निहोत्री के आचार्यत्व में २५१ ब्राह्मणों एवं २२१ यजमान जोड़ों के द्वारा अग्नि स्थापन के साथ ही आहुति प्रदान कर गौ रक्षार्थ एवं राष्ट्र कल्याण हेतु महायज्ञकर्म प्रारंभ किया गया है। प्रवचन के चौथे दिवस डॉक्टर रामेश्वर दास महाराज और विशाल दास महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष बद्रीलाल पलोतरा ने शेष दिवस के धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं से हिस्सा लेने का अनुरोध किया है।

उज्जैन
मंगलवार
12
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्।।
अर्थः पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

## खबर एक नजर...

### डंपर ने पिकअप को मारी टक्कर, ड्राइवर घायल, डंपर चालक भागा

**इंदौर।** विजयनगर चौराहा पर मंगलवार अलसुबह तेज रफ्तार डंपर और पिकअप वाहन की टक्कर में बड़ा हादसा हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे की है। डंपर क्रमांक टढ09अे5871 ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप काफी दूर तक घसीटाती चली गई और बाद में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप चालक को वाहन से बाहर निकाला। उसके सिर, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल अस्पताल रवाना किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस की एफआरवी टीम मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया। वहीं फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार पिकअप वाहन रेडिसन होटल की तरफ से आ रहा था, जबकि डंपर रसोमा चौराहे की ओर से आ रहा था। शुरूआती जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे की वजह मानी जा रही है।

### आईआईपीएस कैंपस में पुलिस की दबिश, परीक्षा के बाद दो छात्र पकड़े गए

**इंदौर।** खंडवा रोड स्थित तक्षशिला कैंपस में स्थित आईआईपीएस परिसर में सोमवार को पुलिस पहुंची। पुलिस ने यहां से दो युवकों को पकड़ा। मामला पुराने विवाद से जुड़ा है, जिसमें पुलिस को इनकी तलाश थी। पुलिस वक्त रहते नहीं पहुंचती तो आज भी यहां झगड़ा हो जाता। मामले में भंवरकुआं टीआई संतोष दूधी ने बताया कि मामला पुराने विवाद से जुड़ा हुआ है। 30 अप्रैल को केशव पाटीदार नामक युवक के साथ मारपीट हुई थी, जिसमें वह घायल हुआ था। शिकायत पर मामला दर्ज कर दो लड़कों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि इस मामले में दो छात्र सक्षम चौहान और रितेश राजपूत एग्जाम देने पहुंचे हैं। आज उनकी एमबीए की आखिरी परीक्षा है, जिसके बाद वे यहां से भाग सकते थे। वहीं, जिसके साथ मारपीट की घटना हुई थी, वे भी यहां पर इकट्ठा हो गए थे। इस पर पुलिस बल तुरंत मौके पर भेजा गया और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। इधर, सोशल मीडिया पर एक छात्र को अभाविप से जुड़ा होना बताया जा रहा था, जबकि इस मामले में अभाविप के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों को पुलिस ने पकड़ा है, वे अभाविप से जुड़े हुए नहीं हैं। इस साल आईआईपीएस की कार्यकारिणी घोषित ही नहीं की गई है। मौके पर अभाविप का कोई भी कार्यकर्ता मौजूद नहीं था।

### हिस्ट्रीशीटर ने चौकीदार के सिर पर तानी बंदूक

**इंदौर।** ग्रामीण क्षेत्र में जमीन कब्जाने का मामला सामने आया है। देपालपुर क्षेत्र के पास ग्राम धन्नड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम पर जमीन की चौकीदारी कर रहे युवक को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित युवराज डाबी निवासी ग्राम मोथला ने बताया कि वह पिछले चार-पांच महीनों से ग्राम धन्नड़ स्थित एक जमीन की चौकीदारी कर रहा है। उसके अनुसार इंदौर का बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम लगातार उसे जमीन छोड़ने के लिए धमका रहा था। युवराज के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे आरोपी अपने चार-पांच साथियों के साथ लाल रंग की कार में मौके पर पहुंचा। वहां गाली-गलौज करने के बाद उसने बंदूक निकालकर उसके सीने पर तान दी और धमकाते हुए कहा कि आज तो तुझे मार ही देता हूं।

**बसों में आग लगने के बाद करीब तीन घंटे से अधिक समय तक धरने पर बैठे रहे रहवासी**

# इंदौर के नवलखा से बसें नहीं हटी तो होगा आंदोलन

## एमआईसी मेंबर का अल्टीमेटम, कहा- सड़क पर उतरेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के नवलखा इलाके में बसों में सोमवार को आग लग गई। इस घटना के बाद अब नगर निगम के एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने 12 दिनों का अल्टीमेटम दे दिया है। उनका कहना है कि यदि बसों को यहां से नहीं हटाया गया, तो वे रहवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे।

आग लगने की घटना के बाद बसों को हटवाने की मांग को लेकर वे धरने पर भी बैठ गए थे। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक वे धरने पर बैठे रहे। इसके बाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत हुई, तब जाकर उन्होंने धरना समाप्त किया।

एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा का कहना है कि यहां पहले भी बसों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यह एक रहवासी इलाका है, जहां करीब 50 हजार लोग निवास करते हैं। ऐसे में बसों का यहां खड़ा रहना और आग लगने जैसी घटनाएं होना कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि इन बसों का यहां खड़ा रहना बंद होना चाहिए। घटना के दौरान मनीष शर्मा धरने पर बैठ गए थे। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले धरने में कई रहवासी भी शामिल हुए और इलाके से बसों को हटाने की मांग करने लगे। एमआईसी मेंबर का कहना है कि यदि 12 दिनों के भीतर यहां से बसें नहीं हटाई गईं, तो वे रहवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ी तो चक्काजाम भी किया जाएगा।

### टैंकरों के पानी से बुझाई बसों की आग

मनीष शर्मा मामा का कहना है कि सोमवार दोपहर वे टैंकरों से बस्ती में पानी सप्लाई करने गए थे। इसी दौरान बसों में आग लगने और गैस सिलेंडर फटने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और बस्ती में पानी सप्लाई के लिए लाए गए तीनों टैंकरों को घटना स्थल पर बुलवा लिया। इसके बाद टैंकरों के पानी की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। हालांकि, कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी।

### कई किमी दूर से दिख रहा था धुआं

आग लगने की घटना के बाद कई किमी दूर से धुएं का गुबार नजर आ रहा था। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, एक बस में मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग करते समय बस में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पास में खड़ी दूसरी बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के समय मौके पर 20 से ज्यादा बसें खड़ी थीं। आसपास रिहायशी बस्ती होने के कारण लोगों में घबराहट फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए।

### बड़ी दुर्घटना होने से बची

एमआईसी मेंबर ने कहा कि यहां पहले भी बसों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। इलाके में करीब 50 हजार परिवार रहते हैं। सोमवार को हुई घटना के दौरान गैस सिलेंडर फटकर उछल रहे थे। ऐसे में एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। उन्होंने कहा कि बसों को हटाने की मांग को लेकर धरना दिया गया था। इसके बाद डीसीपी रावत, तहसीलदार और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने 12 दिनों के भीतर बसों को यहां से हटाने का आश्वासन दिया है। यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा।

# जींस पहनने पर सास ने डांटा, बहू ने लगाई फांसी

## ससुराल में पहली बार पहनी थी; परिजन बोले- दहेज को लेकर ताने मारते थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर जिले में सोमवार दोपहर सास ने जींस पहनने पर डांटा तो बहू ने सुसाइड कर लिया। कमरे के अंदर फंदे से लटकी लाश मिली है। मायके पक्ष ने पति और सास पर प्रताड़ना, दहेज के ताने और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गौरी (22) पत्नी राहुल के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर घर में मौजूद उनकी छोटी बेटी रो रही थी। इस दौरान पति राहुल ने पत्नी गौरी को आवाज लगाई, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद राहुल कमरे में पहुंचा तो गौरी फंदे पर लटकी मिली।

**पहली बार ससुराल में पहनी थी जींस, इसी बात पर हुआ विवाद-** परिवार के लोगों के अनुसार, गौरी ने पहली बार ससुराल में जींस पहनी थी। इसी बात को लेकर उसकी सास शारदा नाराज हो गईं। गौरी की बहन पूजा ने बताया कि उनकी चचेरी बहन किरण भी उस समय घर पर मौजूद थी, जो पिछले एक महीने से गौरी के साथ रह रही थी। पूजा के मुताबिक, जैसे ही गौरी जींस पहनकर बाहर आई, सास शारदा अंदर पहुंचीं और उसे डांटने लगीं। इस दौरान सास ने राहुल को भी बुरा-भला कहा। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद गौरी काफी आहत हो गई। अपने कमरे में चली गई। इस वक्त पति राहुल मोबाइल चला रहा था, जबकि गौरी की छोटी बच्ची हॉल में खेल रही थी।

**मायके पक्ष का आरोप- दहेज को लेकर किया जाता था प्रताड़ित-** मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही गौरी को प्रताड़ित किया जा रहा था। परिवार का कहना है कि पति राहुल और सास शारदा उसे दहेज को लेकर ताने मारते थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल लंबे समय से कोई काम नहीं कर रहा था, जिससे घर में अक्सर विवाद होते थे।

**शादी से पहले मेडिकल में नौकरी की बात कही थी-** जानकारी के मुताबिक, गौरी के सास-ससुर गोपुर इलाके में मंदिर के पास प्रसाद और हार-फूल की दुकान लगाते हैं। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी तय करते समय राहुल के परिवार ने कहा था कि वह मेडिकल लाइन में काम करता है, लेकिन शादी के बाद पता चला कि राहुल कोई नौकरी नहीं करता। इसी बात को लेकर भी परिवार में तनाव बना रहता था।

**शादी करो वरना फोटो वायरल कर दूंगा**

# एआई से फोटो एडिट कर छात्रा को किया ब्लैकमेल, सगाई तुड़वाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बाणगंगा में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा ने अपने परिचित युवक पर एआई की मदद से फोटो एडिट कर बदनाम करने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक निजी कॉलेज में फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही छात्रा की शिकायत पर विशाल पुत्र पप्पू गुर्जर निवासी राऊ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने बताया कि साल 2024 में उसकी बहन की शादी के दौरान विशाल से पहचान हुई थी। शादी समारोह में दोनों के बीच सामान्य बातचीत हुई और इसी दौरान आरोपी ने कुछ फोटो भी लिए थे। कुछ समय बाद विशाल ने छात्रा पर शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया। मना करने पर उसने धमकी दी कि शादी में खींची गई तस्वीरों को एआई से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। छात्रा के अनुसार आरोपी लगातार बात करने और रिश्ता स्वीकार करने का दबाव बनाता रहा। जब परिवार ने दूसरी जगह शादी की बात शुरू की तो विशाल ने वहां भी बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी।

# आम बेचने वाले ने गले पर रखा चाकू, बोला- ठेला ले गए तो जान दे दूंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

**नगर निगम कार्रवाई के दौरान हाईवोल्टेज ड्रामा**



इंदौर में सड़क पर ठेला लेकर घूमना एक ठेले वाले को सोमवार दोपहर इतना भारी पड़ गया कि उसने अपना ठेला बचाने के लिए खुद के गले पर चाकू रख लिया। ठेले वाले ने यहां तक कह दिया कि यदि ठेला ले गए तो वह जान दे देगा। कार्रवाई के दौरान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

दरअसल, पलसीकर इलाके में रहने वाला 28 वर्षीय मोहम्मद शाहरुख सिद्दीकी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह पिछले 12-13 सालों से इंदौर में रह रहा है। उसने बताया कि सोमवार को वह आम का ठेला लेकर निकला था। जयरामपुर कॉलोनी में वह खाना खाने पहुंचा, लेकिन वहां उसे खाना नहीं मिला। इसके बाद वह पलसीकर चौराहे के पास पहुंचा। यहां खाना खाने के बाद जैसे ही वह ठेला लेकर निकला, तभी एक महिला ने उससे आम के दाम पूछे और दो किलो आम खरीद लिए।

ठेला संचालक ने बताया कि आम देकर वह ठेला आगे बढ़ाने ही वाला था कि तभी अचानक वहां नगर निगम के कर्मचारी आ गए और उसे घेर लिया। उन्होंने ठेला सड़क किनारे लगवाया और आम भरने को कहा। विरोध करने पर कर्मचारी खुद ही आम भरने लगे। उसने उन्हें मना भी किया, लेकिन वे नहीं माने और ठेला उठाने के लिए बड़ी गाड़ी बुला ली। मोहम्मद शाहरुख ने बताया कि इस दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। नगर निगम के कर्मचारी भी मौके पर इकट्ठा हो गए। वह लगातार उनसे मिन्नत करता रहा कि उसका ठेला छोड़ दें, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद उसने ठेले पर रखा चाकू उठाकर अपने गले पर रख लिया और कहा कि वह जान दे देगा। यह देखकर नगर निगम कर्मचारी भी चौंक गए। बाद में लोगों ने युवक को समझाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। नगर निगम ने उसका ठेला तो छोड़ दिया, लेकिन पास में खड़े एक अन्य ठेले वाले का ठेला जब्त कर लिया।

**ठेले पर थे 160 किलो आम, लोगों से उधार लेकर खरीदा था-** मोहम्मद शाहरुख ने बताया कि पहले वह दूसरों के ठेले पर काम करता था, लेकिन अब खुद का ठेला लगाता है। वह लोगों से उधार लेकर माल खरीदता है और आम बेचने के बाद उनका पैसा लौटाता है। सोमवार को उसके ठेले पर 160 किलो आम थे। ये आम भी उसने उधार लेकर खरीदे थे। उसने कहा कि वह खुद का खर्च कम करके गांव में अपने माता-पिता को पैसे भेजता है। अगर नगर निगम उसका ठेला और माल जब्त कर लेता, तो उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता।

## खबर एक नजर...

### हेलेन केलर के संघर्षों को जीवंत करेगा नाटक 'अंधकार से प्रकाश की ओर', मंचन आज

**उज्जैन।** यथार्थ सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वाधान में मंगलवार 12 मई को कालिदास अकादमी स्थित अभिरंग नाट्यगृह में एकल नाटक ?अंधकार से प्रकाश की ओर? का मंचन किया जाएगा। शाम 7:30 बजे से शुरू होने वाले इस नाटक में कोलकाता की अभिनेत्री पौलमी घोष अपने सशक्त अभिनय से एक प्रेरणादायक गाथा को जीवंत करेंगी। दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रखा गया है। संस्था सचिव प्रकाश देशमुख ने बताया कि यह नाटक प्रसिद्ध लेखिका हेलेन केलर की आत्मकथा पर आधारित है। जन्म से दृष्टिबाधित और मूक-बधिर होने के बावजूद हेलेन केलर ने जिस तरह जीवन की चुनौतियों को मात देकर सफलता हासिल की, उसे इस मंचन में पिरोया गया है। नाटक का लेखन और निर्देशन जम्मू के प्रख्यात रंगकर्मी लकी गुप्ता द्वारा किया गया है। अभिनेत्री पौलमी घोष इस नाटक के प्रदर्शन को लेकर एक विशेष यात्रा पर हैं। उन्होंने 20 फरवरी को कोलकाता से इसकी शुरुआत की थी। इसके बाद पटना, नागपुर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नैनीताल और रुद्रपुर होते हुए वे उज्जैन पहुंची हैं। लगभग एक महीने की इस रोमांचक यात्रा में वे अकेले 10 हजार किलोमीटर का सफर तय कर इस एकल नाटक के 37 मंचन कर चुकी हैं। अब तक 20 हजार से अधिक दर्शक इस प्रेरणादायक नाटक को देख चुके हैं।

### बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में 13 मई को मनेगा 'समर्पण दिवस'

**उज्जैन।** मानवता, प्रेम और आध्यात्मिक जागृति के प्रतीक रहे युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में 13 मई बुधवार को 'समर्पण दिवस' मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन हरियाणा के समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता जी के सानिध्य में होगा। इसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालु श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। उज्जैन मुखी त्रिलोक बेलानी और मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि इस विशाल संत समागम का सीधा प्रसारण निरंकारी मिशन की अधिकृत वेबसाइट पर किया जाएगा।

**वरिष्ठ मार्गदर्शन और युवा ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में संदीप प्रताप मेहता, मालवांचल से पेश कर रहे मजबूत दावेदारी**

# राज्य अधिवक्ता परिषद चुनावः 23 सदस्यों के लिए आज डाले जाएंगे वोट; 2400 अधिवक्ता करेंगे मतदान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन 2026 को लेकर धार्मिक नगरी उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में चुनावी सरगर्मियां चरम पर पहुंच चुकी हैं। प्रदेशभर में 12 मई को होने जा रहे मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उज्जैन जिले के लगभग 2400 अधिवक्ता मंगलवार सुबह 10 बजे से अपने मताधिकार का वरीयता क्रम में प्रयोग करेंगे। निर्वाचन समिति द्वारा मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

यह चुनाव प्रदेश के विधिक जगत का सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक महापर्व माना जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर के अधिवक्ता 23 सदस्यों के चयन हेतु मतदान करेंगे और 2 सदस्यों को मनोनीत (नॉमिनेट) किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस बार चुनाव में मालवांचल से युवा अधिवक्ता संदीप प्रताप मेहता एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरे हैं, जिन्हें लेकर अधिवक्ताओं के बीच विशेष चर्चा है। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व को-चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप चांदमल मेहता की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। विगत लगभग दो दशकों से प्रताप चांदमल मेहता ने मालवा क्षेत्र की मजबूत आवाज बनकर अधिवक्ताओं के हितों, अधिकारों और कल्याण के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया है।

विधिक क्षेत्र में सक्रियता और अधिवक्ताओं के प्रति समर्पण के चलते अब उनके पुत्र संदीप मेहता इसी विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से चुनावी मैदान में अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। अधिवक्ता वर्ग में यह चर्चा प्रमुख है कि युवा ऊर्जा और वरिष्ठ मार्गदर्शन का यह अनूठा संयोजन चुनाव में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

चुनावी मैदान में संदीप प्रताप मेहता के साथ कई अन्य प्रत्याशी भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। सभी प्रत्याशी अधिवक्ताओं के हितों, युवा वकीलों के कल्याण, न्यायिक सुविधाओं के विस्तार और बार की गरिमा को मजबूत करने के मुद्दों को लेकर लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं।

जिले के न्यायालय परिसर एवं अधिवक्ता संघ कार्यालयों में चुनावी चचाओं का दौर लगातार जारी है। मतदान के पश्चात मतगणना आगामी चरणों में जबलपुर में संपन्न होगी तथा चुनाव परिणामों पर पूरे प्रदेश के विधिक जगत की नजरें टिकी रहेंगी।

## सौभाग्य सिंह ने किया अध्यक्ष पद का प्रभार ग्रहण

### शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

### मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष का जताया आभार, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने पर रहेगा जोर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल की उपस्थिति में सोमवार को मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सौभाग्य सिंह ने अपना पदभार ग्रहण किया। उन्होंने सर्वप्रथम भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और तत्पश्चात अरेरा हिल्स स्थित पुस्तक भवन पहुंचकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर निगम अध्यक्ष का दायित्व संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सौभाग्य सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने संकल्प लिया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल और विधायक सिद्धार्थ तिवारी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अग्रवाल विकास समिति के द्विवार्षिक चुनावः सुनील बी अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

### साधारण सभा में 11 नए सदस्यों का स्वागत; भवन के जीर्णोद्धार हेतु 3.77 लाख का दान देने पर बजरंगलाल हरभजनका का अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




अलकनंदा नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में रविवार को उज्जैन अग्रवाल विकास समिति की वार्षिक साधारण सभा एवं द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में आपसी सहमति बनने के बाद सुनील बी अग्रवाल को आगामी दो वर्षों के लिए समिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है।

चुनाव अधिकारी भगवानदास ऐरन व एडवोकेट विवेक गुप्ता के निर्देशन में द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराए गए। अध्यक्ष पद के लिए शैलेंद्र मित्तल व सुनील बी अग्रवाल के नाम प्रस्तावित किए गए थे। आपसी सहमति के पश्चात शैलेंद्र मित्तल द्वारा अपना नाम वापस ले लिया गया, जिसके बाद सुनील बी अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया।

इससे पूर्व साधारण सभा की शुरूआत में निवर्तमान अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। सभा में निवर्तमान सचिव सुनील बी अग्रवाल द्वारा गत वर्ष की गतिविधियों का प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल द्वारा वर्ष 2025-26 का आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 11 नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया।

इस अवसर पर समिति द्वारा बजरंगलाल हरभजनका का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। उन्होंने श्री अग्रसेन भवन के हॉल के रेनोवेशन (पीओपी व एसी) के लिए अपने पुत्र की स्मृति में 3.77 लाख रुपये का दान दिया है। अध्यक्ष पद पर सुनील बी अग्रवाल के निर्वाचित होने पर विजय मित्तल (सिद्धू भैया), संतोष अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल (पप्पू भैया), कीर्तेश हरभजनका और सीए संजय अग्रवाल सहित अन्य समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## संत सत्कार समिति ने किया 51 संतों का सम्मान, 5 दिवसीय प्रवचन माला होगी

### रामानंद संत आश्रम में हुई साधारण सभा, गुरु पूर्णिमा पर मनेगा भव्य महोत्सव व श्रावण में होगा ॐ नमः शिवाय जाप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए संत सत्कार समिति की साधारण सभा मंगलनाथ रोड स्थित स्वामी रामानंद संत आश्रम में संपन्न हुई। इसमें 51 संतों का शॉल व पुष्पमाला से आत्मीय सम्मान किया गया तथा आगामी सिंहस्थ और धार्मिक आयोजनों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

संस्था के प्रवक्ता दीपक राजवानी एवं कार्यक्रम संयोजक रवींद्र मूले ने बताया कि बैठक महंत मुनिशरणदास जी महाराज के पावन सानिध्य और पर्यावरणविद श्याम माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में महाराजश्री ने अपने आशीर्वचन में कहा कि संत समाज के मार्गदर्शक हैं। उनके आशीर्वाद से ही समाज में धर्म, संस्कृति और सद्भाव का प्रसार होता है।

अतिथि के रूप में श्री रामानंद संत आश्रम के ट्रस्टी अजय गिरिया, नगर निगम के पूर्व सभापति प्रकाश चित्तौड़ा, समाजसेवी राजेंद्र शर्मा गुरु, राजेंद्र शाह और विठ्ठल नागर मंचासीन थे।

**बैठक में लिए गए ये महत्वपूर्ण निर्णयः** नवनारायण व सप्त सरोवर यात्राः अधिक मास के दौरान समिति सदस्यों के लिए नवनारायण एवं सप्त सरोवर यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

**गुरु पूर्णिमा व श्रावण मास आयोजनः** परंपरानुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसमें महानगर के सभी संतों का सम्मान होगा। वहीं, श्रावण मास में ॐ नमः शिवाय जाप का भव्य आयोजन किया जाएगा।

**पांच दिवसीय प्रवचन मालाः** सदस्यों के सुझाव पर पूर्व सिंहस्थों की व्यवस्था के अनुरूप इस बार भी शहर के मध्य किसी स्थान पर 5 दिवसीय प्रवचन माला आयोजित की जाएगी, ताकि शहरवासियों को बड़े संतों के प्रवचन का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान संस्था की मातृशक्ति श्रीमती शोभा यादव को अंतरराष्ट्रीय संस्था श्री कृष्ण योगपीठ गोविंद मठ वृंदावन की राष्ट्रीय संयोजिका तथा श्रीमती दुर्गा यादव को प्रदेश संयोजिका नियुक्त होने पर संतों व अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

बैठक में संस्था सचिव भगवान शर्मा ने पिछली बैठक का विवरण तथा कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। संचालन भगवान शर्मा ने किया एवं आभार रवींद्र मूले ने माना।

इस अवसर पर संत-महंतों के साथ संस्था पदाधिकारी अरविंद जैन, श्रीमती सरोज अग्रवाल, डॉ. राकेश भार्गव, चिंतामण राठौड़, पराग कावरा, प्रकाश कावरा, नंदिनी जोशी, ओम पाटीदार, कैलाश जाट, चंद्रशेखर माहेश्वरी, चिराग शाह, दिनेश महाजन, हरिसिंह यादव, प्रवीण खंडेलवाल, वरुण गुप्ता, भूषण खुल्लर, राजेश पंड्या, खेमजी भाई चंदन, राजेश घटिया, उमेश गुप्ता, अशोक मूंदड़ा, नरेंद्र कुशवाह और संजय शाह सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### श्री हाटकेश्वर धामः समर कैंप में बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**उज्जैन।** नागर ब्राह्मण समाज द्वारा श्री हाटकेश्वर धाम देवालय न्यास एवं मित्र मंडल के तत्वावधान में रविवार 10 मई को एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि श्री नरसी मेहता की स्मृति में आयोजित इस सेवा प्रकल्प में नागर ब्राह्मण परिषद, महिला परिषद एवं युवा परिषद् ने सहभागिता की। शिविर में नर्सरी से दसवीं कक्षा तक के करीब 100 बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाटकेश्वर धाम हरसिद्धि के सचिव संतोष जोशी ने बताया कि संत पं. कमलकिशोर नागर की प्रेरणा से यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा इष्टदेव भगवान श्री हाटकेश्वर महादेव एवं संत शिरोमणि नरसी मेहता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। स्वागत भाषण संजय नागर ने दिया और प्रकल्प की विस्तृत जानकारी संतोष जोशी ने रखी। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक शिक्षा संजय त्रिवेदी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने इस रचनात्मक आयोजन की प्रशंसा भी की। अतिथि के रूप में न्यास अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता सुमन, उपाध्यक्ष पं. विजयप्रकाश मेहता, नागर ब्राह्मण परिषद अध्यक्ष विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता, युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विशाल नागर और महासचिव अतुल मेहता मंचासीन थे। शिविर में सभी 100 बच्चों को कापियां, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर, कंपास बॉक्स, ड्रॉइंग कॉपी, कलर, हाई लाइटर और फाइल आदि वितरित किए गए। उपाध्यक्ष विजय प्रकाश मेहता की ओर से सभी बच्चों को विशेष उच्च क्वालिटी का बालपेन भी दिया गया। आयोजन में न्यास कोषाध्यक्ष रामचंद्र नागर, न्यासी जगदीश नागर, विकास रावल, किरणकांत मेहता, महेंद्र शर्मा, संजय नागर, हाटकेश्वर समाचार के संपादक लव मेहता, नरेंद्र नागर गुना, दीप्तेश रावल, मुकेश शर्मा, राजीव लोचन नागर, अजय नागर अज्जू, ऋषभ मेहता ऋषि, अंकुश त्रिवेदी, ललित नागर, हेमंत मेहता और प्रमोद नागर के साथ महिला मंडल की सीमा नागर, मधु शर्मा, मनीषा शर्मा, रीना नागर, सलोनी नागर और प्रेरणा मेहता आदि ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और पुरस्कार वितरण में सहयोग दिया।

### 29वां ऑल इंडिया निशुल्क निकाह प्रोग्राम 30 जून को

**उज्जैन।** सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में 29वें ऑल इंडिया निशुल्क निकाह प्रोग्राम का आयोजन 30 जून, मंगलवार को किया जाएगा। सोसाइटी के संयोजक हाजी इस्माइल भाई रंगवाला और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने के इच्छुक लोग अपने जोड़ों का पंजीयन 25 मई तक करा सकते हैं। तय तिथि के बाद आने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। संस्था के संयुक्त सचिव कलीम शेख और उप संयोजक उस्मान हसन ने बताया कि विवाह समारोह में दुल्हन को उपहार स्वरूप पलंग, बिस्तर और आवश्यक गृहस्थी के बर्तन संस्था की ओर से प्रदान किए जाएंगे।

# शांतिपूर्ण मार्च निकाल रहे किसानों पर पुलिस की बर्बरता, बरसाईं लाठियां; 5 घंटे तक सड़कों पर संग्राम- परमार

### हजार किसानों ने पैदल मार्च कर कोठी का किया घेराव- मुकेश भाटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक जाट पर प्रशासन द्वारा की गई एकतरफा और दुर्भावनापूर्ण जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में सोमवार को किसानों का भारी आक्रोश देखने को मिला। इससे पूर्व 8 तारीख को विधायक महेश परमार व अन्य नेताओं ने प्रशासन को ज्ञापन देकर 3 दिन का समय दिया था। 11 तारीख को मीटिंग वाले दिन तक प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर यह धरना प्रदर्शन किया गया। शांतिपूर्ण तरीके से कोठी (कलेक्टर कार्यालय) का घेराव करने आ रहे करीब 5 हजार से अधिक किसानों और कांग्रेस कार्यकताओं की आवाज दबाने के लिए पुलिस ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया, जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने बताया कि यदि पुलिस किसानों को सीमाओं पर नहीं रोकती, तो करीब 10,000 किसान इस आंदोलन में उपस्थित होते।

इस उग्र आंदोलन का नेतृत्व मुख्य रूप से विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश जैन बोस, विधायक भेरू सिंह बापू (सुसनेर), पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर, पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, जाट समाज के अध्यक्ष भंवरलाल जी जाट, मयंक जाट (रतलाम), तेजराम जी जाट, ईश्वर लाल जाट, संदीप जाट बॉस, बलराम जाट, संजय जाट, अनिल जाट, राष्ट्रीय प्रदेशिक नेता सुनील जाट, केदार सीरवी और भेरू सिंह जी सहित जाट समाज के अन्य पदाधिकारियों ने किया। इनके साथ ही संगठन महासचिव अजय राठौर भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने पुलिस की इस बर्बर कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि 11 मई को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान स्विमिंग पूल पर एकत्रित हुए थे। आंदोलन में शामिल होने आ रहे करीब 2000 किसानों को मोहनपुरा और मुल्लापुरा ब्रिज के नीचे, जबकि 1500 किसानों को कानीपुरा और आगर रोड सहित सभी प्रमुख सीमाओं पर रोक लिया गया। जहां विधायक महेश परमार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने पहुंचकर किसानों को वहां से निकालकर धरना स्थल पर भिजवाया। पुलिस ने कांग्रेस पार्टी की डीजे वाहन को भी डरा-धमका कर खदेड़ दिया। जब किसानों और नेताओं ने बैरिकेड हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, तो पुलिस ने बर्बरता दिखाते हुए बल प्रयोग किया और लाठियां भांजीं।

# कला के संस्कार देने वाली 110 माताओं का सम्मान, प्रतिकल्पा संस्था ने किया मातृशक्ति को नमन

### भारतीय ज्ञानपीठ कॉलेज परिसर में मदर्स डे पर गरिमामय आयोजन, भरतनाट्यम नृत्यांगना ऑरनी भक्त का भी हुआ विशेष सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा मदर्स डे के अवसर पर कला को समर्पित 110 माताओं का सम्मान किया गया। यह गरिमामय आयोजन 10 मई की शाम भारतीय ज्ञानपीठ कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ, जहां संस्था परिवार से जुड़े कलाकारों की माताओं को उनके त्याग और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष डॉ शिव चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन द्वारा उन 110 मातृशक्तियों, माताओं, दादियों और नानियों का सम्मान किया गया, जो अनेकों संघर्षों का सामना करते हुए अपने बच्चों को कला के संस्कार दे रही हैं। साथ ही उन माताओं का भी सम्मान हुआ जो स्वयं समर्पित भाव से कला विधाओं से जुड़ी हैं। वर्तमान में संस्था द्वारा 15 दिवसीय नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। इस कार्यशाला में कई बहुएं भी नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं, इस अवसर पर उनकी सास और माताओं दोनों को मंच पर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान भरतनाट्यम का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बांग्लादेश से विशेष रूप से आमंत्रित नृत्यांगना ऑरनी भक्त का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी कुमार किशन, लोकेश सिंह तोमर, शांतनु भागचंदानी, स्वप्निल केलकर, वीणा व्यास, अदिति सिंह जादौन, नैना सिंह सोलंकी और अपूर्वा परमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### हुसैन अहमद शान की याद में ऑल इंडिया मुशायरा

**उज्जैन।** मरहूम उस्ताद शायर हुसैन अहमद शान की याद में उज्जैन मुशायरा कमेटी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया मुशायरा (नशिस्त) गरिमापूर्ण सफलता के साथ संपन्न हुआ। मदारगेट स्थित रफीक शादमानी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम शायरों ने अपने कलाम से ऐसा समां बांधा कि मुशायरा सुबह 5:45 बजे तक चलता रहा। गौरतलब है कि उज्जैन मुशायरा कमेटी वर्ष 1991 से लगातार एटलस चौराहे पर मुशायरे का आयोजन करती आ रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा के वहीद भाई ने की। मुख्य अतिथि शहर काजी खलीकुर्रहमान थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पं. योगेश व्यास, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, जज्बा अध्यक्ष इंजी. सरफराज कुरैशी, रफीक कुरैशी, एडवोकेट जाहिद नूर खान, पार्षद फिरोज पठान आदि मौजूद थे।

# दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स संपन्न, ऑडिट व नवीन नीतियों पर मंथन

### उज्जैन सहित कई शहरों के सीए हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उज्जैन ब्रांच द्वारा हाटपिपलिया स्थित अनवाइंड रिसॉर्ट में दो दिवसीय रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। कोऑपरेशन एवं एनपीओ कमेटी के तत्वावधान में 9 व 10 मई को हुए इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

रिफ्रेशर कोर्स के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कोऑपरेटिव संस्थाओं, एनपीओ ऑडिट, अनुपालन, अकाउंटिंग और नवीन नीतियों से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस आयोजन में उज्जैन सहित विभिन्न शहरों से आए सीए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

ब्रांच चेयरमैन सीए आशीष तोतला ने बताया कि संगठन द्वारा समय-समय पर ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे सदस्यों को नवीन विषयों और बदलते व्यावसायिक परिवेश की अद्यतन जानकारी प्राप्त होती है। इस तरह के आयोजन सीए सदस्यों के बीच समन्वय और व्यावसायिक नेटवर्किंग को भी मजबूत बनाते हैं। यह महत्वपूर्ण आयोजन आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए पंकज शाह और कोऑपरेशन एवं एनपीओ कमेटी के चेयरमैन के विशेष मार्गदर्शन व सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों द्वारा सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# मंदसौर की महिला थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग, हिंदूवादी संगठनों ने फूंका पुतला

### लंबित शिकायतों पर उग्र हुआ आक्रोश, निष्पक्ष जांच न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मंदसौर में पदस्थ महिला थाना प्रभारी रानी बेग के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को हिंदूवादी संगठनों ने देवासगेट चौराहे पर चक्काजाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए थाना प्रभारी का पुतला दहन किया और प्रशासन से तत्काल ठोस कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के चलते चौराहे पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। बाद में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और यातायात सुचारू कराया।

मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ गंभीर आरोपों को लेकर विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर पहले भी कई बार लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई निष्पक्ष जांच या कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासनिक अनदेखी और निष्क्रियता के चलते कार्यकताओं को मजबूरी में सड़कों पर उतरना पड़ा है।

संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मामले की शीघ्र और उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह आंदोलन केवल उज्जैन तक सीमित नहीं रहेगा। इसके विरोध में मध्यप्रदेश के हर जिले में पुतला दहन कर प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से गो रक्षा परिषद सर्व कल्याण बजरंग दल के उज्जैन जिला अध्यक्ष राहुल चावड़ा, ईश्वर बुद्धेश्वर, धर्मेंद्र यादव, जगदीश यादव, चरण सिंह मेवाड़ा, जगदीश जीवन, विशाल, संजय, श्याम पंडित, सोनू ठाकुर और विश्वास सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### उर्स व होलिका दहन की जगह प्रस्तावित पेयजल टँकी का निर्माण अन्यत्र करे



**मल्हारगढ़।** नगर में उर्स व होलिका दहन की जगह प्रस्तावित पेयजल टँकी का अन्यत्र निर्माण करने को लेकर सोमवार को दोपहर 12 बजे नगर कांग्रेस कमेटी ने एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी स्वाति तिवारी को सोपा ज्ञापन में लिखा कि नगर परिषद द्वारा चिल्लाह दरगाह के सामने मैदान में पेयजल टँकी का निर्माण करने जारही है टँकी निर्माण के लिए जगह का नगर परिषद ने चयन किया है उक्त जगह पिछले कई वर्षों से लगभग 18 से 20 वर्षों तक कोमिएकता मेले का आयोजन होता आरहॉ है । प्रतिवर्ष मोहर्रम का लंगर भी समाज द्वारा यही किया जाता है साथ ही होलिका दहन भी यही होता है।एवं पूर्व में रावण दहन भी यही होता था,नगर में खुले मैदान के रूप में एक मात्र मैदान यही बचा हुवा है।मैदान निचली जगह होने से निर्माण करने पर बारिश में टँकी गिरने का भी अंदेशा बना रहेगा एवं भविष्य में जनहानि होने की संभवाना है ऐसे में नगर परिषद दवस्रा उर्स मैदान पेयजल टँकी निर्माण का निर्णय वापस लेकर इस टँकी को नगर में अन्य स्थान पर बनाया जाय अन्यथा आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा।ज्ञापन का वाचन मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने किया।

### कांग्रेस प्रभारी मंत्री यादव का कांग्रेस जनों ने किया आत्मिय अभिनंदन

**पिपलिया मंडी।** मंदसौर नीमच जिला कांग्रेस प्रभारी मंत्री श्री सदाशिव यादव दिनांक 11 मई को बंजारी बालाजी में आयोजित कांग्रेस सम्मेलन से नीमच के लिए हुआ प्रस्थान के दौरान पिपलिया मंडी चपाटी पर स्थानीय कांग्रेस जिनो ने श्री यादव का पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बोतल गंज मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता पार्षद बाबू भाई मसूरी, अनिल बोराना ,लालचंद सैनी ,पप्पू गुर्जर श्रीमती अनीता खोखर, राजेश शर्मा गोपाल गुर्जर, शहीद कई कांग्रेस जन उपस्थित थे।श्री भीम सिंह राठौड़ प्रदेश अधक्ष बंजारा समाज अजय शर्मा श्री अजय शर्मा विश्वकर्मा समाज प्रदेश महा सचिव, ठाकुर सुरेंद्रजी सिंह प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस भी श्री यादव के साथ थे।

### कुं. रणजीत सिंह ने प्रभारी सदाशिव यादव का दुपट्टा डालकर किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** 11 गई को कांग्रेस पार्टी द्वारा नवनियुक्त जिला प्रभारी सदाशिव यादव के मल्हारगढ़ विधान सभा क्षेत्र की संगठनात्मक मीटिंग में उपस्थित होने पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने धर्म दुपट्टा डालते हुए स्वागत एवं सम्मान किया इसके साथ ही साथ विधानसभा प्रभारी आदरणीय बंसीलाल जी पाटीदार एवं भीम सिंह बंजारा समाज अध्यक्ष का भी गर्म जोशी के साथ स्वागत एवं सम्मान किया कुंवर शक्तावत ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने एवं राहुल गांधी जी के सपनों को सरकार करने हेतु मध्य प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कंधों को मजबूत करने हेतु अपील की। शक्तावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सत्ता में आना है या सत्ता में लाना है तो निम्न पंक्ति में बैठे हुए कार्यकर्ता को सम्मान देना अति आवश्यक होगा पिछली पंक्ति में बैठे हुए गरीब किसान,भाइयों,बहनों को सम्मान देना अति आवश्यक होगा।

### पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन

**मन्दसौर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा मंदसौर के प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के आराधना हॉल में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संस्कृत विद्यालय के बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें भारत के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और एसडीएम शिवलाल शाक्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अग्निकांड में 7 दुकानें जली, लापरवाही पर भड़का आक्रोश, व्यापारियों ने किया नगर बंद और चक्काजाम





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर**

मंदसौर जिले के सीतामऊ बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार देर रात हुए एक किराना दुकान से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की करीब सात दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक करोड़ रुपये से अधिक के माल के जलकर खाक होने का अनुमान है।

घटना के बाद सोमवार को नगर के व्यापारियों और आम नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा, जिसके चलते पूरा सीतामऊ बंद रहा और आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद का घेराव कर घंटों चक्काजाम किया।

रविवार रात करीब 11 बजे बस स्टैंड स्थित उदिया सेठ की किराना दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में रखे तेल के ड्रमों के कारण लपटें तेजी से फैलीं और कॉम्प्लेक्स की ऊपरी मंजिल तक जा पहुँचीं। प्रत्यक्षद र्शियों ने बताया कि सूचना देने के आधे घंटे बाद तक फायर ब्रिगेड मौके पर नहीं पहुँची, जिससे स्थिति बेकाबू हो गई।

इस दौरान स्थानीय पुलिसकर्मी, व्यापारी और नागरिक अपनी जान जोखिम में डालकर निजी टैंकरों से आग बुझाने का प्रयास करते रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूरे क्षेत्र की बिजली काट दी गई। बाद में मंदसौर, नगरी और सुवासरा से बुलाई गई दमकलों की मदद से रात करीब ढाई बजे आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक व्यापारियों का सब कुछ जलकर राख हो चुका था।

नगर परिषद की इस बड़ी लापरवाही के विरोध में सोमवार सुबह से ही व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारी हाथों में चूड़ियां लेकर नगर परिषद कार्यालय पहुँचे और बैरिकेडिंग तोड़कर परिसर के भीतर घुस गए। लोगों ने सीएम का पूतला भी फूंका जिसको लेकर पुलिस और जनता आमने सामने नजर आई। व्यापारियों का सीधा आरोप है कि नगर परिषद स्वागत द्वारों और दिखावटी निर्माण कार्यों पर पैसा खर्च कर रही है, लेकिन मूलभूत सुविधा जैसे फायर ब्रिगेड की लंबे समय से मरम्मत नहीं कराई गई। इस निष्क्रियता के कारण लदुना चौराहे पर तीन घंटे से अधिक समय तक चक्काजाम रहा, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। मौके पर पहुँचीं एसडीएम शिवानी गर्ग ने आक्रोशित जनता को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब तक नई दमकल नहीं आती, तब तक एक अस्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कर दी जाएगी।

लोगों ने सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई एवं प्रभावित व्यापारियों को उचित मुआवजे की भी मांग की जिस पर एसडीएम ने पंचनामा तैयार करने की बात कही। हालांकि, प्रदर्शनकारी स्थानीय विधायक हरदीप सिंह डंग को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अत्याधुनिक फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## वृहद आर्थोर्पेडिक जांच शिविर का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम**



लायंस हॉल रतलाम में लायंस क्लब रतलाम एवं वैश्विक हॉस्पिटल बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद आर्थोर्पेडिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध आर्थोर्पेडिक विशेषज्ञ डॉ. जेमिन जेसलपुरा एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 150 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श एवं उपचार संबंधी सलाह प्रदान की गई।

शिविर के दौरान मरीजों के लिए निःशुल्क बीएमडी टेस्ट, सीबीसी रक्त परीक्षण, ब्लड शुगर टेस्ट एवं ब्लड प्रेशर की जांच की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर लायंस क्लब रतलाम द्वारा अपने नवीन स्थायी प्रकल्प ₹लायंस फिजियोथैरेपी सेंटर₹ का शुभारंभ भी किया गया। सेंटर का उद्घाटन रीजन चेयरपर्सन लायन प्रेमलता दवे एवं नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता लायन शीतल गेलड़ा द्वारा फीता काटकर एवं मशीनों का पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन दिनेश कुमार, सचिव लायन योगेश तिवारी, कोषाध्यक्ष एवं अपने माता-पिता एवं भाई की पुण्य स्मृति में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले लायन ज्ञानेंद्र नलवाया सहित लायन नीरज सुरोलिया, लायन गोपाल जोशी, लायन हिम्मत सिंह राजपुरोहित, लायन विक्रम सिंह सिसोदिया, लायन स्नेह सचदेव, लायन रामनारायण मौर्य, लायन अमन अग्रवाल, लायन प्रवीण रामावत, लायन दिनेश गहलोत एवं लायंस इन्वेस्टिगेशन सेंटर के स्टाफ ने अपनी सक्रिय सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर क्लब पदाधि कारियों ने सभी चिकित्सकों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया।



## महिला प्रकोष्ठ ने सकोरे वितरित कर जीव दया का संकल्प लिया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर**

वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महिला प्रकोष्ठ द्वारा जीव दया प्रकल्प के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई है। इस मानवीय प्रयास के तहत चिलचिलाती धूप में पानी की तलाश में भटकने वाले और प्यास के कारण दम तोड़ने वाले बेजुबान पक्षियों की रक्षा हेतु सकोरों का वितरण किया गया। संस्था की सदस्यों ने इस भीषण गर्मी में अनबोले जीवों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए आमजन से अपील की कि वे अपने घरों की छतों और आंगन में पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें ताकि प्यास से किसी भी पक्षी के प्राण न जाएं। इस सेवा कार्य के दौरान जीव दया की भावना को सर्वोपरि रखते हुए बड़ी संख्या में सकोरे वितरित किए गए। इस अवसर पर महिला प्रधान सुनीता खाबिया, नेहा बाफना, पुष्पलता चंडालिया, नीमा जैन, राखी हींगड़, श्रुति जैन, मोना कोठारी, मोना जैन, रश्मि जैतावत, पूजा दूग्गड, चहेती सुराणा, मुनमुन डोसी और हीना जैन सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रही।

## प्रभुप्रेमी संघ के सत्संग में हुआ विकास प्राधिकरण पदाधिकारियों का सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम**



स्थानीय गीता मंदिर टीआईटी रोड पर प्रभुप्रेमी संघ द्वारा मासिक सत्संग एवं प्रार्थना कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रतलाम विकास प्राधिकरण के नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान भी किया गया।

अध्यक्ष हरीश सुरोलिया एवं सचिव प्रमोद राघव ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था के पूर्व अध्यक्ष कैलाश व्यास ने परमपूज्य स्वामी अवधेशानंदजी महाराज के विचारों का उल्लेख करते हुए मधुर वाणी और सद्भाव का संदेश दिया। प्रार्थना सत्संग में गायत्री मंत्र, ?कार मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, हनुमान चालीसा एवं भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने कहा कि वे और उनकी टीम पूर्ण निष्ठा से दायित्वों का निर्वहन करेंगे। गोविंद काकाणी एवं प्रवीण सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान श्रीमती राखी व्यास, श्रीमती किरण महावर, धीरज व्यास एवं राजेंद्र सिंह गोयल का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में शारदा पवन मुजावदिया एवं श्रीमती गुंजन प्रमोद राघव का जन्मदिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर सीमा प्रभु, सरिता सुरोलिया, संजय सोनी, राकेश पोरवाल, के.बी. व्यास, श्रीमती नीलू दुबे, मुकेश सोनी, विष्णुदत्त नागर, विजयलक्ष्मी भट्ट, लल्लनसिंह ठाकुर, भूषण व्यास, वीरेंद्र जोशी, अनिल पोरवाल, योगेन्द्र दलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ग्रीष्मकाल में पेयजल और अग्नि सुरक्षा को दें प्राथमिकता-कलेक्टर

मंदसौर। कलेक्टर अदिति गर्ग ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के सभी नगरीय निकायों में फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सीएमओ को पानी की नियमित जांच और अवैध पानी चोरी पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन की भी समीक्षा की और नोडल अधिकारियों को मंडियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को भुगतान में देरी न हो।

**आत्मनिर्भर भारत और नवाचार पर व्याख्यान-** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

# आलीराजपुर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु विशेष हेलमेट एवं ओवरलोडिंग विरुद्ध अभियान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीराजपुर



सड़क दुर्घटनाएं वर्तमान समय में एक गंभीर चुनौती हैं, जिनमें होने वाली अकाल मृत्यु और जनहानि को न्यूनतम करना शासन एवं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति अनुशासित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से, पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशों के पालन में आलीराजपुर पुलिस द्वारा जिले भर में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता एवं नियमों का पालन न करनें वालें चालकों पर कार्यवाही हेतु विशेष चैंकिग अभियान चलाया जा रहा है।

सघन चेकिंग और प्रभावी कार्रवाई अभियान के तहत संपूर्ण जिलें सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य केंद्र बिंदु हेलमेट का प्रयोग न करने वाले दोपहिया वाहन चालक और क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले ओवरलोड वाहन रहे। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल ने न केवल नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई की, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए चेतावनी और समझाइश भी दी।

अभियान के दौरान अबतक की कार्रवाई संपूर्ण जिलें में कुल 2352 चालान बनाये जाकर कुल 827 यात्री/माल वाहनों को चेक किया गया। वाहन चैकिंग के तहत संपूर्ण कार्यवाही में कुल 988400 रुपए का समनशुल्क से वाहन चालकों को दण्डित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से 1204 बिना हेलमेट, 254 हेलमेट लायसेंस निलंबन, 256 ओवरलोड चार पहिया वाहन, 107 मॉडिफाइड वाहन, ५७ बिना बीमा, 15 बिना लायसेंस, 12 फीटनेस संबंधी, 02 प्रदुषण संबंधी एवं 445 अन्य तकनीकी कारणों के तहत चालानी कार्यवाही की गई है। वाहन चैकिंग के दौरान विशेष रूप से चार पहिया वाहनों से अवैध रूप से लगे कैरियर भी हटवाए गए हैं। बार-बार चेतावनी व चालानी कार्यवाही के बावजुद यातायात नियमों के प्रति सुधार नहीं लानें वालें चालकों के पर डायविंग लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

चार पहिया वाहनों के द्वारा संख्या से अधिक सवारी ले जानें पर पैनी नजर रख जा रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीण अंचलों से श्रमिकों को लाने-ले जाने वाले मालवाहक वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है।

पुलिस की अपीलः सुरक्षा को बनाएं संस्कार आलीराजपुर पुलिस समस्त जिला वासियों से अपील है कि वे यातायात नियमों को केवल कानूनी बाध्यता न समझें, बल्कि इसे अपनी सुरक्षा का एक 'संस्कार' बनाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें और ओवरलोडिंग से बचें।

# साहित्यकार की लेखनी से तय होती है देश की दिशा और दशा-सीएसपी पाटिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजागृति संस्था बुरहानपुर द्वारा उन साहित्यकारों का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से साहित्य व काव्य संग्रह प्रकाशित कर जिले व देश का नाम गौरवान्वित किया है। साहित्यकार सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर संस्था के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ने की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ने कहा कि साहित्य का क्षेत्र वह क्षेत्र है जो किसी भी विषय पर अपनी लेखनी के माध्यम से इस देश की कल्पना को साकार कर सकता है। साहित्यकार की लेखनी के माध्यम से लिखे हुए एक-एक शब्द से देश की दिशा और दशा तय होती है। उन्होंने कहा कि मुझे आज बहुत खुशी है क्योंकि मैं भी साहित्य में रुचि रखता हूँ और मुझे किताबें पढ़ने का शौक है। जनजागृति संस्था द्वारा आयोजित समारोह में आमंत्रित करने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया। साहित्यकार सम्मान समारोह में जयंत भालेराव, डॉ विरेन्द्र निर्झर, डॉ रमेशचन्द्र शर्मा धुआधार, राजपाल सिंह चावला राज, राजेन्द्रकुमार मिश्रा सूरज, ठाकुर विरेन्द्र सिंह चित्रकार, डॉ सुरेन्द्र जैन भारती, संतोष परिहार, संदीप शर्मा निर्मल, डॉ. उर्मिला चौकसे, सुनीता चौकसे, कपिल मिश्रा, सुश्री रिया पाठक का सम्मान किया गया।

# जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग सोमवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे

**खरगोन ।** सुबह 11 बंजे मंत्री का आगमन सर्किट हाउस पहुंचे, यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री श्री सारंग ने भाजपा पदाधिकारियों से मुलाकात कर बैठक ली। इस दौरान मीडिया से चर्चा में उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के ईंधन बचाने, सोना न खरीदने का आह्वान का समर्थन किया। उन्होंने कहा एशियाई देशों में चल रहे युद्ध का असर हर देश पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था मजबूत रखने के लिये हर देशवासी को सहयोग करना पड़ेगा। ईंधन ओर सोना आयात होता है। इसे कम इस्तेमाल करेंगे तो हमे कम खर्च करना पड़ेगा। देश का धन बचेगा। मंत्री के आगमन पर फल ठेला व्यवसायी भी सर्किट हाउस पहुंचे थे। सड़क किनारे लगे ठेले हटाये जाने की कार्रवाई का विरोध दर्ज कराया। मंत्री ने फल विक्रेताओं की शिकायत गम्भीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि किसी को परेशान नही होने देंगे। कलेक्टर को निर्देश दिये कि वैकल्पिक व्यवस्था की जाय।

# उत्कृष्ट उ.मा.वि. में संबल योजना अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी



10 मई को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी में एवं एलेन कोचिंग के संयुक्त तत्वावधान में संबल योजना अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 40 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 36 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस चयन परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को कोटा में रहकर हृश्वश्वञ्ज परीक्षा की तैयारी हेतु अध्ययन, आवास एवं भोजन की निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। यह परीक्षा पहली बार बड़वानी में आयोजित की गई। इसके पूर्व इस योजना की चयन परीक्षा का केंद्र सदैव इंदौर रहा है। परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वानी के छात्र-छात्राओं की रही। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा इससे जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। श्री जे एस डामोर सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग बड़वानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बस स्टैंड पर खुला चैंबर, हादसे को खुला न्योता

**सनावद।** शहर के सबसे व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय से लगे मार्ग पर स्थित एक क्षतिग्रस्त चैंबर प्रशासनिक लापरवाही की गंभीर तस्वीर पेश कर रहा है। चैंबर पूरी तरह टूटकर खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब तक आंखें मूंदे बैठे हैं।दिनभर इस मार्ग से सैकड़ों यात्री, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और दोपहिया वाहन चालक गुजरते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चैंबर के आसपास सड़क भी धंसने लगी है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि नगर पालिका कार्यालय से कुछ ही दूरी पर मौजूद इस खतरे को आखिर क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों और मौखिक सूचना के बावजूद केवल आश्वासन दिए गए, लेकिन सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ।

# प्रेस क्लब मंडलेश्वर की कार्यकारिणी घोषित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

प्रेस क्लब मंडलेश्वर की कार्यकारिणी का गठन सोमवार 11 मई 2026 को सर्वसम्मति से कर लिया गया। संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार श्याम मेवाड़े की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नवीन कुमार को प्रेस क्लब का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर आयोजित बैठक में नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। संरक्षक श्याम मेवाड़े ने कहा कि पत्रकारों की एकता और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार जरूरी था। चर्चा के बाद सभी सदस्यों की सहमति से नवीन कुमार के नाम पर अध्यक्ष पद के लिए मुहर लगी।

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर नवीन कुमार ने सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा, ₹प्रेस क्लब का उद्देश्य पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ना है। नगर की जनसमस्याओं को प्राथमिकता से शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर निराकरण कराना हमारी पहली जिम्मेदारी रहेगी। अब तक पत्रकार कलम के माध्यम जन समस्या से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं लेकिन, प्रशासन उन मुद्दों पर कोई कारवाही नहीं करता था। नवनियुक्त अध्यक्ष नवीन कुमार ने प्रशासन को चेताया कि अखबारों में प्रकाशित समाचारों पर कारवाही नहीं होती है तो प्रेस क्लब सड़क पर भी उतरने से गुरेज नहीं करेगा। अध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी के अन्य पदों पर भी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संरक्षक श्याम मेवाड़े, मार्गदर्शक उदय सिंह पटेल, सलाहकार दिनेश मेवाडे, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर, सचिव आदर्श मेवाडे, कोषाध्यक्ष जितेंद्र तंवर, उपाध्यक्ष शिवशंकर रोकड़े व अमन वर्मा, सह-सचिव कृष्णपाल ठाकुर व वीरेंद्र सिंह पटेल, सह कोषाध्यक्ष तरुण कुमरावत व राजा गोखले मीडिया, कार्यालय प्रभारी असलम पठान, प्रभारी राजवीर छाबड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी विकास यादव, कार्यकारिणी सदस्य लखन ठाकुर, अमीन खान, अश्विन पिपल्दे, प्रवीण वर्मा, दिलबाग पटेल और महेंद्र शुक्ला के नामों की घोषणा की गई।

# काउसंलर एवं विषय विशेषज्ञो से आवेदन आमंत्रित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

कैरियर काउंसिलिंग योजना अंतर्गत मार्गदर्शन देने हेतु अनुभवी काउंसलर एवं विषय विशेषज्ञों के गेस्ट पैनल के गठन हेतु जिला रोजगार कार्यालय बड़वानी में वर्ष 2026-27 के लिये आवेदन आमंत्रित हैं। नामांकित काउंसलरों को निर्धारित दिवसों में काउंसिलिंग हेतु हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक मार्गदर्शन देने हेतु आमंत्रित किया जाएगा एवं आमंत्रित मनोवैज्ञानिक / विषय-विशेषज्ञ को काउंसिलिंग पूर्ण दिवस का १ हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री टीएस डूडवे से प्राप्त जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक 22 मई 2026 तक आवेदन पत्र जिला रोजगार कार्यालय बड़वानी में जमा कर सकते हैं। मनोवैज्ञानिक काउंसलर हेतु अनिवार्य योग्यता साइकोलाजी में स्नातकोत्तर डिग्री या पीजी डिप्लोमा होना चाहिए।

# पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाली गैंग को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

पुलिस की तत्परता और सक्रियता से कालिका माता मंदिर में हुई चोरी का खुलासा मात्र २४ घंटे के भीतर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग (विधि विरुद्ध बालक) को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के पास से चोरी किया गया मश्रुका भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेकानंद मार्ग निवासी कालिका माता मंदिर के पुजारी नवनीत शर्मा ने १० मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने मंदिर का गेट तोड़कर प्रवेश किया। बदमाशों ने रेलिंग से वेल्डिंग किए गए दानपात्र को तोडने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद आरोपी वहां रखा आहुजा कंपनी का एम्पलीफायर सिस्टम और शार्प प्लस कंपनी की विद्युत मोटर (टिल्लू पंप) चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## सीसीटीवी और मुखबिर की मदद से पकड़े गए आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक पिंकी आकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने पिपलोदा फंटा सैलाना-रतलाम बायपास पर घेराबंदी कर दो आरोपियों को धरदबोचा।

पुलिस ने आरोपी दिनेश पिता धन्नालाल मईडा 25 वर्ष निवासी मकोडि?ा रूण्डा, थाना सरवन, विजय पिता बसा मईडा 22 वर्ष निवासी नवलखा, सैलाना को गिरफ्तार किया साथ ही एक विधि विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 25 हजार रुपये कीमत का चोरी गया एम्पलीफायर और टिल्लू पंप बरामद कर लिया है।

## इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी पिंकी आकाश, सउनि शंकरसिंह शक्तावत, प्रधान आरक्षक मनीष ओझा, पप्पू वाघेला, संदीप भदौरिया, आरक्षक फकीरचंद्र सोलंकी, तूफान भूरिया, दिनेश पाटीदार, यशपाल धनगर और महिला आरक्षक टीना सिसोदिया का विशेष योगदान रहा।

# भीषण गर्मी में तड़प रहे घायल पक्षी को मिला जीवनदान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

जहां एक ओर भीषण गर्मी से इंसान बेहाल हैं, वहीं बेजुबान पक्षियों की हालत और भी दयनीय हो चुकी है। तेज धूप और पानी की कमी के कारण रोजाना कई पक्षी घायल और कमजोर होकर दम तोड़ रहे हैं। ऐसे कठिन समय में ढकलगांव के युवा समाजसेवी गुरूदयाल सेजगायां ने एक घायल पक्षी की मदद कर इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार गुरूदयाल सेजगायां को एक छोटा पक्षी घायल एवं बेहद कमजोर अवस्था में मिला। भीषण गर्मी के कारण पक्षी उड़ने तक की स्थिति में नहीं था और तड़प रहा था। पक्षी की हालत देखकर गुरूदयाल सेजगायां ने तुरंत उसे सुरक्षित स्थान पर लेकर आए। उन्होंने बड़े ही स्नेह और संवेदनशीलता के साथ पक्षी को पानी पिलाया तथा उसकी देखभाल की। कुछ समय बाद पक्षी को राहत महसूस हुई।इस भावुक दृश्य को देखने वाले लोगों ने युवक के इस सराहनीय कार्य की जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि आज के समय में जहां लोग अपने स्वार्थ में व्यस्त रहते हैं, वहां बेजुबान जीवों के प्रति ऐसी संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायक है।गुरूदयाल सेजगायां ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में घरों की छतों, आंगन, खेतों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी के छोटे पात्र अवश्य रखें, ताकि प्यास से परेशान पक्षियों को राहत मिल सके।



## 24 घंटे कंगना रनोट संग रह सकता हूं: ओरी

### खतरों के खिलाड़ी 15 में दिखेंगे, कहा- मोटिवेशन नहीं सिर्फ एक्शन पर भरोसा करता हूं

सोशल मीडिया सेंसेशन ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी अब स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आने वाले हैं। अपने अनोखे अंदाज, फनी जवाबों और वायरल पर्सनैलिटी के लिए मशहूर ओरी ने खास बातचीत में शो, डर, मोटिवेशन, सोशल मीडिया इमेज और अपनी निजी सोच को लेकर खुलकर बातें कीं।

बातचीत के दौरान ओरी ने बताया कि उन्हें पानी या खतरनाक स्टंट्स से डर नहीं लगता और वे मोटिवेशन की बजाय एक्शन में भरोसा करते हैं। साथ ही उन्होंने ओरी टच, सेलिब्रिटी फ्रेंडशिप्स और रोहित शेट्टी के साथ अपनी केमिस्ट्री को लेकर भी मजेदार जवाब दिए।

**सवाल**: खतरों के खिलाड़ी में जाने को लेकर एक्साइटेड ज्यादा हैं या नर्वस?
**जवाब**: सच बोलूं तो मुझे डर महसूस नहीं हो रहा। मैं काफी कॉन्फिडेंट हूं।
**सवाल**: रियल लाइफ में किसी चीज से डर लगता है?
**जवाब**: नहीं। मुझे किसी चीज से खास डर नहीं लगता।
**सवाल**: आपने पहले कभी खतरों के खिलाड़ी देखा था?
**जवाब**: नहीं, मैंने कभी शो फॉलो नहीं किया।
**सवाल**: शो में हाइट, पानी और खतरनाक स्टंट होते हैं। इनमें से सबसे मुश्किल क्या लग रहा है?
**जवाब**: लोग बार-बार पानी का नाम ले रहे हैं, लेकिन मुझे समझ नहीं आता कि पानी से डर कैसे लग सकता है। पानी डरावना नहीं होता।
**सवाल**: आपकी जिंदगी में काफी उतार-चढ़ाव रहे। ऐसी कौन-सी चीज है जो आपको आगे बढ़ने की ताकत देती है?
**जवाब**: मैं मोटिवेशन में विश्वास नहीं करता। अगर आप सिर्फ मोटिवेशन के भरोसे काम करेंगे, तो एक दिन मोटिवेशन खत्म हो जाएगा और काम भी रुक जाएगा। जो करना है, वो इसलिए करो क्योंकि आपको करना है।
**सवाल**: फिर आपके हिसाब से काम करने की असली वजह क्या होनी चाहिए?
**जवाब**: सिर्फ यही कि आपको वो काम करना है। मैं ज्यादा सोचता नहीं, बस कर देता हूं।
**सवाल**: खतरों के खिलाड़ी करने के पीछे सबसे बड़ी वजह क्या रही?
**जवाब**: मैं थोड़ा बोर हो गया था। लगा कुछ नया करना चाहिए, तो मैंने हां कह दिया।
**सवाल**: क्या ये आपका पहला रियलिटी शो है?
**जवाब**: हां, बिल्कुल। मैं खुद को रियलिटी शो वर्जिन कहता हूं। ये मेरा पहला शो है और शायद आखिरी भी।

## जैस्मीन भसीन बोलीं-सड़क पार करने से भी डर लगता था

# खतरों के खिलाड़ी में नजर आएंगी



**कहा- खुद को कमजोर साबित होने से बचाना है**







जैस्मीन भसीन टीवी इंडस्ट्री का वो चेहरा हैं, जिन्होंने अपने 'अनफिल्टर्ड' अंदाज से हर घर में अपनी जगह बनाई है। 'खतरों के खिलाड़ी' के पिछले सीजन में उनके रोने और डरने के बावजूद स्टंट पूरे करने के जज्बे को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब जैस्मीन एक बार फिर 'डर के नए दौर' में कदम रखने जा रही हैं।

जैस्मीन ने अपनी जिंदगी के उन पन्नों को पलटा, जहां कभी वह सड़क पार करने से भी घबराती थीं। उन्होंने बताया कि कैसे एक प्रोटेक्टिव माहौल से निकलकर उन्होंने अपनी पहचान बनाई और आज उन्हें किस बात का सबसे बड़ा खौफ सताता है। साथ ही, अली गोनी के उस 'गुरु मंत्र' का भी जिक्र किया जो इस बार उनकी ढाल बनेगा।

**सवाल**: जैस्मीन, आप एक बार फिर 'डर के नए दौर' के लिए तैयार हैं। एक्साइटमेंट ज्यादा है या एंग्जायटी?
**जवाब**: सच कहूंतो दोनों ही चरम पर हैं। मैं एक्साइटेड तो हूं, पर उतनी ही डरी हुई भी हूं। 'खतरों के खिलाड़ी' कोई छोटा खेल नहीं है। यहाँ हर बार खतरे नए होते हैं और चुनौतियां पहले से कहीं ज्यादा कठिन। मेरे पिछले सीजन में सबने देखा था कि मुझे डर बहुत ज्यादा लगता है, इसलिए अब जैसे-जैसे शो करीब आ रहा है, एंग्जायटी बढ़ती जा रही है।
**सवाल**: जब आप पहली बार इस शो का हिस्सा बनी थीं, तब आपके फोबिया क्या थे? और इस बार क्या कुछ बदला है?
**जवाब**: ऑनेस्टली कहूंतो जब मैं पहली बार गई थी, तब मैं सड़क पार करने तक से डरती थी। मैं बहुत ही प्रोटेक्टिव एनवायरमेंट में पली-बढ़ी हूं, जहाँ हर चीज के लिए कोई न कोई साथ होता था। उस समय हर चीज नई और डरावनी थी। आज भी हाइट और पानी के अंदर बिना ऑक्सीजन के रहने से डर लगता है। फोबिया खत्म नहीं हुए हैं, बस मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस बार मैं उनसे बेहतर तरीके से निपट पाऊँगी।
**सवाल**: डर वही है, लेकिन आप फिर से जा रही हैं। क्या आप खुद को मेंटली ज्यादा स्ट्रॉन्ग महसूस कर रही हैं?
**जवाब**: बिल्कुल। यह शो आपको एक अलग इंसान बना देता है। जब आप अपने डर का सामना करते हैं, तो आप अंदर से ज्यादा कॉन्फिडेंट होकर बाहर निकलते हैं। मुझे लगता है कि इस बार भी मुझे उस कॉन्फिडेंस की जरूरत है। मैं एक बार फिर खुद को परखना चाहती हूं।
**सवाल**: फैंस जानना चाहते हैं कि अली गोनी ने आपको इस बार क्या खास टिप्स दिए हैं?
**जवाब**: ली ने बस एक ही बात कही है कि अपने आप पर भरोसा रखना। उन्होंने कहा, तुम जितनी खुद को समझती हो, उससे कहीं ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो। बस यही एक टिप मेरे लिए काफी है।
**सवाल**: आपकी एक 'अनफिल्टर्ड' इमेज है, आप जो सोचती हैं बोल देती हैं। क्या इस बार कोई फिल्टर लगाने की कोशिश करेंगी?
**जवाब**: बिल्कुल नहीं। मैं जैसी हूं वैसी ही रहूंगी। मैं अपनी राय रखने और अपनी भावनाओं को जाहिर करने में कभी पीछे नहीं रहती। जो लोग मुझे जानते हैं और जो शो देख रहे हैं, वो मुझे मेरे असली रूप के लिए ही पसंद करते हैं। अब किसी और की तरह दिखने या बनने का कोई शौक नहीं है। 'आई लव द वे आई एम'।
**सवाल**: इस बार आपके साथ कई पुराने खिलाड़ी और वेटरन्स भी जा रहे हैं। कॉम्पिटिशन कितना कड़ा होने वाला है?
**जवाब**: कॉम्पिटिशन बहुत जबरदस्त होने वाला है क्योंकि सब पूरी तैयारी के साथ आ रहे हैं। सब बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। लेकिन मेरी कोशिश यही रहेगी कि माहौल को थोड़ा हल्का रखा जाए। जब आप स्टंट करते हैं, तो दिमाग पर बहुत प्रेशर होता है, ऐसे में बाकी समय हँसते-खेलते और प्यार-मोहब्बत से बीत जाए तो अच्छा है।

## टी20 वर्ल्ड कप में भी परफॉर्म किया था, फुटबॉल-क्रिकेट में परफॉर्म करने वाली इकलौती एक्ट्रेस

# नोरा फतेही फीफा की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी

नोरा फतेही फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करने वाली पहली बॉलीवुड एक्ट्रेस बनेंगी। यह सेरेमनी 12 जून को कनाडा के टोरंटो में इटड फील्ड में होगी। इससे पहले नोरा ने फीफा वर्ल्ड कप 2022 की क्लोजिंग सेरेमनी और आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया था। अब वे पहली और एकमात्र बॉलीवुड कलाकार बनेंगी, जिन्होंने फुटबॉल और क्रिकेट के वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया है।





### तीन अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी आयोजित होंगी

वर्ल्ड कप 2026 तीन देशों (अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा) में आयोजित हो रहा है, इसलिए फीफा ने प्रत्येक मेजबान देश के पहले मैच से पहले तीन अलग-अलग ओपनिंग सेरेमनी आयोजित करने की योजना बनाई है।

कनाडा की सेरेमनी में बांग्लादेशी मूल के अमेरिकी डीजे संजॉय भी परफॉर्म करेंगे। संजॉय ने 2011 में बॉलीवुड फिल्म रा.वन के मशहूर गाने छम्मक छल्लो का एक आधिकारिक रीमिक्स तैयार किया था।

नोरा और संजॉय के अलावा इस इवेंट में माइकल बुब्ले, एलानिस मोरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, वेजीड्रीम और विलियम प्रिंस जैसे आर्टिस्ट शामिल होंगे।

### सिंगर कैटी पेरी भी वर्ल्ड कप में परफॉर्म करेंगी

सिंगर कैटी पेरी अमेरिका में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। पेरी ने इंस्टाग्राम पर यह खबर शेयर की। उन्होंने बताया कि वह 12 जून को अमेरिका के लॉस एंजिल्स में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी।

यह इवेंट कैलिफोर्निया के सोफी स्टेडियम में होगा, जहां अमेरिका और पैराग्वे के बीच मैच खेला जाएगा। कैटी पेरी के अलावा लिसा, टायला, अनिता और रेमा भी ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे।

11 जून को मेक्सिको सिटी में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में टायला, अलेजांद्रो फर्नांडेज, डैनी ओशन, लीला डाउन्स, बेलिंडा, जे बल्विन और बैंड लॉस एंजेलिस अजूल्स और माना परफॉर्म करेंगे।

### शकीरा ने नया गाना किया अनाउंस

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में शकीरा भी वापसी करेंगी। उन्होंने टूर्नामेंट के लिए नया गाना दाई दाई अनाउंस किया है। इस गाने में नाइजीरियाई सिंगर बर्ना बॉय भी शामिल हैं। शकीरा का 2010 वर्ल्ड कप एंथम वाका वाका काफी फेमस हुआ था।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक होगा। टूर्नामेंट में कुल 104 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच मेक्सिको सिटी में जबकि फाइनल न्यू जर्सी में आयोजित होगा।

### आईपीएल : मैच में फास्ट बॉलर्स ने 39 ओवर फेंके, अक्षर की चौके से फिफ्टी पूरी

# दिल्ली ने अपना दूसरा सबसे बड़ा रनचेज किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धर्मशाला

आईपीएल में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हरा दिया। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टीम ने 211 रन का टारगेट हासिल कर आईपीएल इतिहास का अपना दूसरा सबसे बड़ा रनचेज पूरा किया।

मैच में तेज गेंदबाजों ने कुल 39 ओवर डाले। यह आईपीएल इतिहास में दूसरा सबसे ज्यादा है। वहीं दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की।



- **पंजाब 9वीं बार 200+ टारगेट डिफेंड नहीं कर पाई-** पंजाब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ स्कोर डिफेंड करते हुए हारने वाली टीम बन गई है। दिल्ली के खिलाफ हार के साथ टीम ने 9वीं बार 200+ टारगेट बचाने में नाकामी झेली। इस लिस्ट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7 हार के साथ दूसरे नंबर पर है।
- पंजाब ने आईपीएल 2026 में सातवीं बार विरोधी टीम को 200+ रन बनाने दिए। टीम अब एक सीजन में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर देने वाली टीमों की सूची में शामिल हो गई है। इस लिस्ट में हैदराबाद, राजस्थान और लखनऊ भी 7-7 बार 200+ स्कोर दे चुकी हैं।
- **दिल्ली ने आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा रनचेज किया-** दिल्ली ने आईपीएल इतिहास का अपना दूसरा सबसे बड़ा सफल रनचेज पूरा किया। इससे पहले टीम ने इसी सीजन जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 226 रन का टारगेट चेज किया था। दिल्ली ने धर्मशाला में 211 रन का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया। आईपीएल में धर्मशाला के मैदान पर पहली बार किसी टीम ने 200+ रन का सफल पीछा किया। इससे पहले यहां सबसे बड़ा सफल रनचेज चेन्नई ने 2010 में पंजाब के खिलाफ 193 रन का किया था।
- **मैच में पेसर्स ने फेंके 39 ओवर-** पंजाब और दिल्ली के बीच तेज गेंदबाजों ने कुल 39 ओवर फेंके। यह आईपीएल इतिहास में किसी मैच में पेसर्स द्वारा डाले गए दूसरे सबसे ज्यादा ओवर हैं। इस लिस्ट में टॉप पर 2008 में बेंगलुरु में खेले गए आरसीबी और सीएसके का मैच है, जहां तेज गेंदबाजों ने 39.4 ओवर डाले थे।
- **पंजाब ने इस सीजन 7वीं बार 200+ स्कोर बनाया-** पंजाब ने आईपीएल 2026 में सातवीं बार 200+ स्कोर बनाया। टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 रन का आंकड़ा पार कर इस सीजन सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने वाली टीमों की लिस्ट में दूसरा स्थान हासिल किया।
- आईपीएल इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड गुजरात और पंजाब के नाम है। दोनों टीमों ने 2025 में 8-8 बार यह कारनामा किया था। वहीं हैदराबाद ने इसी सीजन 8 बार 200+ स्कोर बनाए हैं।
- **पंजाब ने अपनी किसी आईपीएल इनिंग के पहले ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाए-** पंजाब ने पहले ओवर में 22 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास में टीम का किसी पारी के पहले ओवर में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने इसी सीजन वानखेड़े में मुंबई के खिलाफ पहले ओवर में 21 रन बनाए थे। वहीं दिल्ली ने पारी के पहले ओवर में दूसरे सबसे ज्यादा रन खर्च किए। इससे पहले टीम ने 2024 में कोलकाता के खिलाफ ईडन गार्डन्स में 23 रन दिए थे।
- **प्रियांश ने दूसरी बार आईपीएल मैच की पहली बॉल पर सिक्स लगाया-** पंजाब के ओपनर प्रियांश आर्या ने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर सिक्स जड़ दिया। वे आईपीएल इतिहास में दूसरी बार मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले उन्होंने 2025 में मुल्लांपुर में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खलील अहमद की पहली गेंद पर सिक्स लगाया था। आईपीएल में मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में नमन ओझा, विराट कोहली, फिल सॉल्ट और यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में पारी की पहली गेंद पर सबसे ज्यादा बार सिक्स लगाने का रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल के नाम है। उन्होंने 4 बार यह कारनामा किया है।
- **प्रियांश ने पावरप्ले में तीसरी बार 50+ रन बनाए-** प्रियांश ने आईपीएल में तीसरी बार पावरप्ले में 50+ रन बनाए। वे ऐसा करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस मामले में वैभव सूर्यवंशी 4 बार के साथ टॉप पर हैं। वहीं केएल राहुल, ऋद्धिमान साहा और यशस्वी जायसवाल ने 2-2 बार पावरप्ले में 50+ रन बनाए हैं।
- **नबी के डाइविंग कैच से प्रभसिमरन आउट-** 7वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह आउट हो गए। मुकेश कुमार ने उन्हें शॉर्ट गेंद पर फंसाया। प्रभसिमरन पुल शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगकर डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग की ओर चली गई। यहां आकिब नबी ने डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। प्रभसिमरन 15 गेंदों पर 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे।
- **माधव तिवारी को पहला आईपीएल विकेट-** दिल्ली के माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल किया। 9वें ओवर में उन्होंने प्रियांश को आउट किया। ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ गेंद पर प्रियांश बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर डीप पॉइंट पर चली गई। वहां साहिल परख ने आसान कैच पकड़ा। प्रियांश 33 गेंदों पर 56 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे।

### आईपीएल में आज गुजरात-हैदराबाद

## सीजन में पहली बार सामना होगा, जीटी ने को पांच बार हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

आईपीएल 2026 का 56वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से होगा।

दोनों टीमों के 11-11 मैच में 14-14 पॉइंट्स हैं। हैदराबाद बेहतर नेट रनरेट की वजह से दूसरे और गुजरात तीसरे पायदान पर हैं। आज का मैच जीतने वाली टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच जाएगी। दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मैच खेले गए हैं। गुजरात ने 5 और हैदराबाद ने 1 मैच जीता है। पिछले सीजन दोनों मुकाबले गुजरात ने जीते थे। इस सीजन दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी।

**गिल और सुदर्शन की जोड़ी गुजरात की सबसे बड़ी ताकत-** शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने धीमी शुरूआत के बाद शानदार लय हासिल की है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 77 रन की जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है। बल्लेबाजी में गिल और साई सुदर्शन टीम की सबसे बड़ी ताकत हैं। जोस बटलर और वॉशिंगटन सुंदर मिडिल ऑर्डर को मजबूती देते हैं। हालांकि, ऊपरी क्रम के फेल होने पर दबाव फिनिशर्स पर आ जाता है। गिल टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 10 मैचों में 462 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 160.41 रहा है। गुजरात की गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा की रफ्तार के साथ राशिद खान की फिरकी बीच के ओवरों में मैच पलट सकती है। रबाडा 11 मैचों में 18 विकेट ले चुके हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









चिंता यह भी

## सुस्त तो नहीं हो जाएगी विकास की रफ्तार



### कटौती नहीं, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की असल जरूरत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

विदेशी मुद्रा बचाना जरूरी है, लेकिन उपभोग में अंधाधुंध कटौती विकास दर के लिए घातक हो सकती है। भारत को केवल आयात कम करने पर नहीं, बल्कि घरेलू उत्पादन और निर्यात की क्षमता बढ़ाकर एक संतुलित आर्थिक ढांचा तैयार करने पर ध्यान देना होगा।

पीएम नरेंद्र मोदी की विदेशी मुद्रा की अपील से विकास की गति सुस्त पड़ जाने का खतरा भी है। दरअसल, पीएम की उपभोग में कटौती पर केंद्रित है, मगर यह टिकाऊ समाधान नहीं है। असल जरूरत भारत के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने की है। पीएम की अपील में जिन चीजों का जिक्र है, उनका बड़ी मात्रा में आयात किया जाता है। जब हम सोना, खाद, खाद्य तेल से लेकर टूथब्रश तक देश के बाहर से खरीदते हैं, तो इससे आरबीआई के पास जमा विदेशी मुद्रा का भंडार कम हो जाता है। दरअसल, देश के बाहर से सामान मंगाने के लेनदेन में हम अपने रुपये का इस्तेमाल कर डॉलर खरीदते हैं और फिर उन्हीं डॉलर का इस्तेमाल कर देश के बाहर से सामान मंगाते हैं। सामान्य परिस्थितियों में, दुनियाभर के लोग भी भारतीय सामान खरीदते हैं और इस तरह वे भारतीय रुपये खरीदने के लिए डॉलर का इस्तेमाल करते हैं। इसके परिणामस्वरूप आरबीआई के पास मौजूद भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर की बढ़ोतरी होती है, लेकिन अगर भारत का आयात, निर्यात से कहीं अधिक हो जाए, तो स्थिति असंतुलित हो सकती है। ऐसी स्थिति में भारत डॉलर खर्च करता रहेगा, लेकिन उसे बदले में उतने डॉलर नहीं मिलेंगे।

पेंशन अब म्यूचुअल फंड जितनी आसान

# यूपीआई से खुलेगा खाता, मिलेगा बुढ़ापे को डबल कवर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


पेंशन सिर्फ बचत नहीं, एक अनुशासन है। यह 40-50 साल की लंबी साझेदारी है। इसलिए अपनी वित्तीय योजना में म्यूचुअल फंड के साथ पेंशन को भी जरूर शामिल करें।

अब से ठीक 10 साल बाद यानी 2036 में भारत की तस्वीर बदल चुकी होगी। तब तक देश में बुजुर्गों की आबादी 20 करोड़ को पार कर जाएगी। साल 2011 की तुलना में यह दोगुनी होगी। परिवार छोटे हो रहे हैं और औसत उम्र बढ़ रही है। ऐसे में सवाल सिर्फ आज की कमाई का नहीं, बल्कि उस वक्त की आर्थिक गरिमा का है, जब हाथ-पैर काम करना बंद कर देंगे। पेंशन म्यूचुअल फंड नहीं है। अक्सर हम इन दोनों को एक ही तराजू में तौलते हैं लेकिन पेंशन का मकसद एटीएम से पैसा निकालना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित भविष्य के लिए लोहे की दीवार खड़ी करना है। एनपीएस को आम आदमी के लिए सरल व सुलभ बनाने के लिए पीएफआरडीए पेंशन क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रहा है.

**एनपीएस संचय बनेगा सरल निवेश विकल्प–** एनपीएस संचय उन निवेशकों के लिए डिजाइन किया गया है जो फंड मैनेजर या एसेट एलोकेशन (इक्विटी, सरकारी बॉन्ड या कॉरपोरेट बॉन्ड) चुनने की जटिलता में नहीं पड़ना चाहते। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें निवेश का एक निश्चित ढांचा होगा जैसा कि 2004 से सरकारी कर्मचारियों के लिए चल रहा है। यह स्कीम उन लोगों के लिए है जिन्हें एसेट एलोकेशन की समझ नहीं है लेकिन वे एक सुरक्षित उत्पाद चाहते हैं, जो अच्छा मार्केट रिटर्न दे सके। पिछले 15 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार इस ढांचे ने लगभग 9.5% का औसत वार्षिक रिटर्न दिया है, जो कई अन्य सरकारी बचत योजनाओं और बैंक एफडी से काफी अधिक है।

**यूपीआई से खुलेगा खाता–** पेंशन को उतना ही सरल बनाने की कोशिश की जा रही है, जितना सरल एक बैंक खाता खोलना या यूपीआई पेमेंट करना है। इसके लिए अगले 30 दिनों के भीतर दो बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च होने की उम्मीद है। भीम इंटरफेस पर यूपीआई के माध्यम से आप मात्र दो क्लिक में अपना एनपीएस खाता खोल सकेंगे। यदि आपका किसी बैंक (जैसे एसबीआई) में पहले से बचत खाता है, तो यूपीआई एप आपके बैंक के माध्यम से ही आपकी केवाईसी जानकारी प्राप्त कर लेगा। आपको अलग से कागजी कार्रवाई करने की जरूरत नहीं होगी। खाता खुलने के बाद आप यूपीआई के जरिये कभी भी और कितनी भी बार आसानी से पैसा जमा कर पाएंगे।

**स्टार एनपीएस से बढ़ेगी पहुंच–** यह प्लेटफॉर्म बीएसई स्टार के साथ मिलकर बनाया गया है। इसके माध्यम से सभी गैर-बैंक डिस्ट्रीब्यूटर्स और यहां तक कि ग्रामीण स्तर पर काम करने वाली प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को भी पेंशन एजेंट बनाया जा सकेगा। इससे टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ-साथ सुदूर गांवों तक एनपीएस की पहुंच आसान हो जाएगी।




### यह क्यों महत्वपूर्ण है?

वर्तमान में म्यूचुअल फंड में कमीशन (ट्रेल कमीशन) लगभग 1.5% के करीब है, जबकि एनपीएस में यह बहुत कम है। डिजिटल वितरण से न केवल लागत कम होगी, बल्कि उन 50 करोड़ लोगों तक पहुंचना भी मुमकिन होगा, जो वर्तमान में किसी भी पेंशन दायरे से बाहर हैं।

### पेंशन + स्वास्थ्यः बुढ़ापे का डबल कवर

पेंशन सेक्टर का सबसे क्रांतिकारी बदलाव 'पेंशन-स्वास्थ्य खाता होने वाला है। एक 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' पर काम चल रहा है। इसमें आपके पेंशन फंड का एक हिस्सा स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होगा। यह एक टॉप-अप इंश्योरेंस की तरह काम करेगा। अस्पताल के खर्च का पहला हिस्सा आपके स्वास्थ्य खाते से जाएगा और बाकी का 5 लाख तक का कवर इंश्योरेंस कंपनी देगी। इसका प्रीमियम बहुत कम होगा क्योंकि यह एक ग्रुप पॉलिसी की तरह काम करेगा।

### एनपीएस अब पहले से कहीं ज्यादा लचीला है

पहले 60% पैसा निकाल सकते थे और 40% की एन्युटी (पेंशन) लेना अनिवार्य था। अब इसे बदलकर 80-20 कर दिया गया है। यानी अब आप मैच्योरिटी पर अपनी जमा राशि का बड़ा हिस्सा अपने पास रख सकते हैं। यदि आपका कुल कॉर्पस 5 लाख रुपये तक है, तो आप इसे कभी भी निकाल सकते हैं। 15 साल के लॉक-इन का डर अब खत्म हो गया है। आप 75 साल की उम्र तक अपनी एन्युटी को टाल सकते हैं, तब तक आपका पैसा बाजार के रिटर्न के साथ बढ़ता रहेगा।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## अगले दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी टीम के भारत आने की उम्मीद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर वार्ता तेज। अप्रैल में वाशिंगटन बैठक के बाद अब अमेरिकी टीम कर सकती है भारत का दौरा।

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। हाल ही में एक अधिकारी ने जानकारी दी है कि व्यापार वार्ता के अगले दौर के लिए अमेरिकी टीम जल्द ही भारत का दौरा कर सकती है। हालांकि, इस अहम दौरे के लिए अभी तक कोई आधिकारिक तारीख तय नहीं की गई है।

**अप्रैल की वाशिंगटन बैठक से मिली गति–** यह संभावित दौरा अप्रैल में हुई उच्च स्तरीय बैठकों की ही अगली कड़ी है। अप्रैल महीने में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वाशिंगटन डीसी का दौरा किया था। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों के बीच अंतरिम समझौते के मसौदे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए आमने-सामने विस्तृत चर्चा हुई थी।

**व्यापार वार्ता के मुख्य बिंदु–** पिछले महीने हुई इन रणनीतिक वाताओं में दोनों पक्षों ने व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण व्यावसायिक और आर्थिक क्षेत्रों पर चर्चा की। इनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित मुद्दे शामिल रहेः

**बाजार पहुंचः** दोनों देशों के उत्पादों के लिए एक-दूसरे के बाजारों में आसान पहुंच सुनिश्चित करना।

**टैरिफ और तकनीकी बाधाएंः** गैर-टैरिफ उपायों और व्यापार में आने वाली तकनीकी बाधाओं को दूर करना।

**व्यापार सुविधाः** सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना और निवेश प्रोत्साहन को बढ़ावा देना।

**भविष्य का व्यापारः** आर्थिक सुरक्षा और तेजी से उभरते डिजिटल व्यापार के मोर्चे पर तालमेल बिठाना।

फरवरी का समझौता और भविष्य का आउटलुक व्यापारिक संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए 7 फरवरी को एक अहम कदम उठाया गया था, जब भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी किया था। इस बयान में पारस्परिक और लाभकारी व्यापार से जुड़े अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा तय की गई थी। इसी फ्रेमवर्क ने व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर दोनों देशों की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

अप्रैल की सफल बैठक के बाद, दोनों पक्षों ने व्यापार वार्ता की इस सकारात्मक गति को आगे भी बनाए रखने पर सहमति जताई है।

जनता पर महंगाई की मारः जेब पर भारी पड़ेगा एफएमसीजी संकट


# साबुन-बिस्कुट और राशन के दाम बढ़ने के आसार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, पैकेजिंग लागत और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण एफएमसीजी कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ रहा है। हिंदुस्तान यूनिलीवर, डाबर और ब्रिटानिया जैसी दिग्गज कंपनियां लागत के बोझ को कम करने के लिए उत्पादों की कीमतें दो फीसदी से 10 फीसदी तक बढ़ा रही हैं। इसका आम जनता के घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ने वाला है।

रोजमर्रा के सामान साबुन, डिटर्जेंट, बिस्कुट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के महंगे होने से आम जनता को जल्द महंगाई का झटका लग सकता है। कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के कारण मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियां उत्पादों की कीमतें फिर बढ़ाने की तैयारी में हैं। यह वृद्धि चरणबद्ध तरीके से होगी।

**कंपनियों का क्या कहना है–** कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया कि वे पहले ही तीन से पांच फीसदी तक कीमतें बढ़ा चुके हैं। लागत का दबाव बने रहने पर आगे भी वृद्धि हो सकती है। कंपनियों का कहना है कि ईरान संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स व पैकेजिंग लागत बढ़ी है। डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है। इसका असर खाद्य उत्पादों, सौंदर्य प्रशाधन, पेय पदार्थ व घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है।



कंपनियां लागत के दबाव से निपटने और मुनाफा बनाए रखने के लिए पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा घटाने की रणनीति भी अपना रही हैं। इसके अलावा, छूट एवं प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति शृंखला को अधिक कुशल बनाया जा रहा है। इसके बावजूद, उपभोक्ताओं पर बढ़ती लागत का बोझ पड़ने की आशंका है। हालांकि 5, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश है, ताकि बिक्री पर असर कम पड़े।

### समय बहुत अस्थिर, हर तरह से रहें तैयार

हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. के मुख्य वित्त अधिकारी निरंजन गुप्ता ने कहा, हम पर महंगाई का 8 से 10% का बोझ पड़ा है। हमने कीमतों में 2% से 5% तक की वृद्धि की है। अगर कमोडिटी की कीमतों में दबाव बना रहा, तो कंपनी आगे और दाम बढ़ा सकती है। डाबर इंडिया के वैश्विक सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा, कंपनी चालू वित्त वर्ष में 10% महंगाई का सामना कर रही है। कंपनी विभिन्न श्रेणियों में 4% तक दाम बढ़ा चुकी है। लागत नियंत्रण के उपाय भी कर रही है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के सीईओ रक्षित हरगेव ने कहा, ईंधन और पैकेजिंग लागत में करीब 20 फीसदी वृद्धि हुई है। कंपनी सीधे दाम बढ़ाने और पैकेट के वजन घटाने दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है। बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगीं। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनीष तिवारी ने कहा, मौजूदा समय बहुत अस्थिर है। यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि अगले दो महीने में क्या होने वाला है। इसलिए, हमें हर तरह से तैयार रहना होगा।

ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन के बीच

## मीथेन उत्सर्जन ने बढ़ाई दुनिया की चिंता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की ताजा रिपोर्ट 'ग्लोबल मीथेन ट्रैकर 2026' ने वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में मीथेन उत्सर्जन को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है जिसने पूरी दुनिया के सामने ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का एक बड़ा विरोधाभास खड़ा कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में ऊर्जा क्षेत्र से होने वाला मीथेन उत्सर्जन लगभग रिकॉर्ड स्तर पर बना रहा जो यह दशार्ता है कि वैश्विक स्तर पर बड़े-बड़े वादों के बावजूद जमीनी स्तर पर बदलाव की गति बेहद धीमी है। मीथेन जिसे अक्सर कम दिखने वाली गैस माना जाता है कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में गर्मी बढ़ाने की कई गुना अधिक क्षमता रखती है। यह रिसाव मुख्य रूप से तेल के कुओं, गैस पाइपलाइनों और कोयला खदानों जैसी जगहों पर होता है जहां से दुनिया अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करती है।

आईईए की यह रिपोर्ट साफ तौर पर चेतावनी देती है कि मीथेन का रिसाव केवल जलवायु परिवर्तन का मुद्दा नहीं है बल्कि यह सीधे तौर पर वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। हाल के महीनों में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न संकट के कारण जब दुनिया की करीब 20 फीसदी एलएनजी सप्लाई प्रभावित हुई तब यह महसूस किया गया कि अगर मीथेन के इस बेवजह रिसाव को रोका जाए तो ऊर्जा संकट का समाधान काफी हद तक संभव है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि यदि देश वर्तमान में उपलब्ध तकनीकों का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करें तो हर साल लगभग 200 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस बचाई जा सकती है। यह मात्रा उस सप्लाई से भी दोगुनी है जो हाल के अंतरराष्ट्रीय संकटों के दौरान प्रभावित हुई है। आईईए के मुख्य ऊर्जा अर्थशास्त्री टिम गोल्ड का मानना है कि लक्ष्य तय करना महज पहला कदम है और असली चुनौती उन्हें धरातल पर उतारने की है। उनके अनुसार करीब 70 फीसदी मीथेन उत्सर्जन को आज की मौजूदा तकनीकों से ही कम किया जा सकता है और इसका एक बड़ा हिस्सा बिना किसी अतिरिक्त आर्थिक बोझ के रोका जा सकता है। इसके बावजूद समस्या का बने रहना 'इम्प्लीमेंटेशन गैप' यानी क्रियान्वयन की कमी को दशार्ता है। इस पूरी कहानी में कोयला एक ऐसा किरदार है जिसकी चर्चा अक्सर कम होती है लेकिन यह मीथेन का एक बहुत बड़ा स्त्रोत है।

## बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत को ईडी ने गिरफ्तार किया, नगर निगम में अवैध भर्ती का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और टीएमसी नेता सुजीत बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को अरेस्ट किया। सुजीत अपने बेटे समुद्र बोस के साथ सुबह करीब 10:30 बजे एजेंसी ऑफिस पहुंचे थे। उनसे करीब 10 घंटे पूछताछ की गई, फिर रात को गिरफ्तार कर लिया गया।

सुजीत बोस पर 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 लोगों की अवैध भर्ती कराने का आरोप है। सुजीत ने इसके बदले पैसे और फ्लैट लिए थे। सुजीत उस वक्त दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। बिधाननगर से तीन बार के विधायक रहे सुजीत बोस हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के शरदवत मुखर्जी से 37,000 से अधिक वोटों के अंतर से हार गए थे।

सुजीत बोस को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एजेंसी के कई नोटिस मिले। जिनमें से एक 6 अप्रैल को मिला था, जिस दिन नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। उन्होंने पहले कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और चुनाव प्रचार में अपनी व्यस्तता का हवाला देते हुए एजेंसी के सामने पेश होने से छूट मांगी थी। चुनावों के बाद बोस 1 मई को कॉम्प्लेक्स में ईडी अधिकारियों के सामने पेश हुए। 11 दिन बाद दोबारा पेशी में सुजीत को अरेस्ट कर लिया गया।

कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देशों पर उसकी तरफ से एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने दो जनवरी 2024 और अक्टूबर 2025 में सुजीत बोस के ठिकानों पर छापेमारी की।

यह मामला 2014 से 2018 के बीच पश्चिम बंगाल की विभिन्न नगर पालिकाओं में भर्ती अनियमितताओं से जुड़ा है। इसका खुलासा तब हुआ जब एजेंसी ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच शुरू की। 2023 में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के दौरान, ईडी ने टीएमसी के सहयोगी अयान सिल और अन्य लोगों से जुड़े कई ठिकानों पर तलाशी ली। जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल सबूत बरामद हुए। एजेंसी को जांच में पता चला कि ये घोटाला केवल शिक्षक भर्ती तक ही सीमित नहीं था, बल्कि साउथ दम दम और अन्य नगर निगम सहित कई नगरपालिका नियुक्तियों में अनियमितताओं तक भी फैला हुआ था।

### पीएम की बचत की अपील,महाराष्ट्र के मंत्री फ्रांस नहीं जाएंगे

# कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेना था; सरकार बोली- पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। विदेशी यात्राओं से बचें। इसे देखते हुए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष सेलार ने सोमवार को ऐलान किया कि वे इस साल फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगे।

पीएम मोदी ने 10 मई को तेलंगाना के हैदराबाद और फिर 11 मई को गुजरात के वडोदरा में जनसभा को संबोधित करते हुए बचत की बात कही थीं। वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा।

आशीष शेलार ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखते हुए विभागीय खर्च में संयम बरतने का फैसला लिया गया है। राज्य के सांस्कृतिक मामलों, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्री ने कहा कि वर्चुअल प्लेटफॉर्म के जरिए मीटिंग की जाएंगी। हालांकि, शेलार ने कहा कि सरकारी तंत्र कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले रही मराठी फिल्मों के लिए जरूरी तालमेल जारी रखेगा। मराठी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए जहां भी जरूरी होगा, वे ऑनलाइन हिस्सा लेंगे। सोने के आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। जब तक हालात सामान्य न हों हम सोने की खरीद टालें। गोल्ड की जरूरत नहीं है।

देशहित में लोगों को एक साल तक सोना खरीदने और दान करने से बचना चाहिए। अनावश्यक वाहन उपयोग कम करें, मेट्रो में सफर और कारपूलिंग करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसमें बिठाकर ले जाएं। देश को रासायनिक उर्वरकों की खपत आधी करने का लक्ष्य रखना चाहिए और तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। शादियों, छुट्टियों और अन्य कारणों से विदेश यात्रा कुछ समय के लिए टालना देशहित में होगा।




### सरकार ने कहा- पेट्रोल-डीजल और LPG की कमी नहीं

पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच सरकार ने देश में ईंधन की कमी की खबरों को खारिज किया है। सरकार ने सोमवार को नागरिकों को आश्वासन दिया कि देश में पेट्रोल, डीजल या LPG की कोई कमी नहीं है। यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को ईंधन पर निर्भरता कम करने और बचत करने की अपील के एक दिन बाद आया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई में रुकावट जरूर आई है और अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। हालांकि, भारत सरकार ने आम उपभोक्ताओं को बिना किसी असुविधा के ईंधन की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

**1. देश के पास कितना भंडार है?** विशाखापत्तनम, मंगलुरु और पादुर में भूमिगत भंडारण में 5.33 टटळ (मिलियन मीट्रिक टन) कच्चा तेल रखने की क्षमता है। अभी यह लगभग 64% (3.37 टटळ) भरा है, जो करीब 9.5 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है। अगर तेल कंपनियों के स्टॉक और रणनीतिक भंडार को मिला दिया जाए, तो अभी कुल 60 दिनों का कच्चा तेल, 60 दिनों की प्राकृतिक गैस और 45 दिनों की एलपीजी है।

**2. पर्याप्त स्टॉक कितना होता है?** अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मानकों के अनुसार, देशों को कम से कम 90 दिनों के आयात के बराबर भंडार रखना चाहिए। भारत इस लक्ष्य से थोड़ा पीछे है, पर 60-74 दिनों का बैकअप सुरक्षित स्तर माना जाता है।

**3. फिर ईंधन में किफायत क्यों?** पीएम की अपील का मकसद तेल की कमी नहीं, बल्कि डॉलर की बचत है। भारत अपनी जरूरत का 88% कच्चा तेल विदेश से खरीदता है जिसके लिए डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। जंग से तेल महंगा हो गया है, जिससे देश का विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है।

## केंद्र बोला- 60 दिनों का पेट्रोल-डीजल, फिर भी कम खर्चें



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि भारत के पास 60 दिन का कच्चा तेल और गैस का स्टॉक मौजूद है, जबकि छढ़क्क का 45 दिन का स्टॉक है। लोगों को घबराने या पेट्रोल पंपों पर भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है। सरकार ने अपील कर कहा कि पेट्रोल और डीजल को कम खर्चें। पीएम मोदी भी लगातार दो दिन (10 और 11 मई) से लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। सरकार का कहना है कि बढ़ती वैश्विक कीमतों के बावजूद तेल कंपनियां रोज करीब ?1000 करोड़ का नुकसान झेल रही हैं, ताकि आम लोगों पर बोझ न पड़े। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को मंत्री समूह की पांचवीं बैठक में पश्चिम एशिया संकट और देशों की आर्थिक सुरक्षा की समीक्षा की। मंत्री समूह की बैठक में राजनाथ सिंह ने निर्देश दिए कि हर स्तर के सभी विभाग और अलग-अलग राज्यों की सरकारें मिलकर काम करें ताकि ईंधन बचाने की योजनाएं कागजों पर न रहें, बल्कि जमीन पर लागू हों। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई देशों से खरीदारी की कोशिश कर रहा है।

### मानसून 4 दिन पहले आने का अनुमान

# राजस्थान का बाड़मेर दूसरे दिन सबसे गर्म रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। देश में सोमवार को सबसे गर्म राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां तापमान 47.3 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर में तापमान 46.5 डिग्री , फलोदी में 45.6 डिग्री , बीकानेर में 45.3 डिग्री , और जोधपुर में 44.9 डिग्री , रहा।

देश के अन्य राज्यों में महाराष्ट्र के अकोला में तापमान 45.1 डिग्री, जलगांव में 44.3 डिग्री, अमरावती में 44 डिग्री, गुजरात के अहमदाबाद और अमरेली में 44.3 डिग्री, और मध्य प्रदेश के धार में 44 डिग्री, दर्ज किया गया।

हिमाचल प्रदेश में सोमवार सुबह तेज आंधी-तूफान, बारिश और 65 किमी प्रति घंटे तक चली हवाओं से भारी नुकसान हुआ। कुल्लू में 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं, जबकि मंडी, शिमला और कांगड़ा में पेड़ गिरने से सड़कें जाम हो गईं।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक डिप्रेशन बन गया है। यह 48 घंटें में मजबूत हो जाएगा। इस सिस्टम के बनने से न केवल दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी, बल्कि यह मानसून के



समय से पहले आने के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां पैदा कर रहा है।

केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। इस बार नए सिस्टम और अनुकूल हवाओं के कारण इसके 25 से 27 मई के बीच ही केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो गया है, जिसके 48 घंटों में मजबूत होने की संभावना है। इस सिस्टम के बनने से न केवल दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश की गतिविधियां तेज होंगी, बल्कि यह मानसून के समय से पहले आने के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां पैदा कर रहा है। केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। इस बार नए सिस्टम और अनुकूल हवाओं के कारण इसके 25 से 27 मई के बीच ही केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

मानसून के अनुकूल परिस्थितियों के बीच केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों में 14 से 17 मई के दौरान भारी बारिश संभव है। असम, मेघालय और मणिपुर में भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। बंगाल की खाड़ी में दबाव से ओडिशा में बारिश संभव

बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और चक्रवाती परिसंचरण के कारण ओडिशा में अगले 6 दिन बारिश की संभावना है। 20 जिलों में बिजली गिरने व तेज हवाओं के साथ बारिश का यलो अलर्ट दिया गया है।

13 मई: पूर्वी यूपी, बिहार और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और ओलावृष्टि का असर बना रह सकता है। पंजाब और हरियाणा में भी तेज हवाएं चलने की आशंका है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में बारिश के साथ बिजली गिर सकती है।

14 मई: पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी यूपी में बारिश, गरज-चमक और 30-60 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते है। पहाड़ी इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है।

## काशी में जम्मू-तवी एक्सप्रेस में यात्री की हत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वाराणसी में जम्मू-तवी एक्सप्रेस ट्रेन के एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार रात 2 बजे बाथरूम से निकलते ही बदमाशों ने उसके सिर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। इसी बीच ट्रेन की रफ्तार धीमी हुई और हमलावर ट्रेन से कूदकर फरार हो गए।

घटना मुगलसराय रेलवे स्टेशन से करीब 3 किमी पहले ब्लॉक हट-बी के पास हुई। मृतक दिनेश साहू (42) बिहार के गया जिले के रहने वाले थे। वह परिवार के साथ सीतापुर के नैमिषारण्य जा रहे थे। ट्रेन में दो दिन में हत्या की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले रविवार को पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर के रहने वाले एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

बिहार के गया जिले के पिपरिया गांव के रहने वाले दिनेश साहू कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस से सीतापुर के नैमिषारण्य धाम जा रहे थे। वह पत्नी के साथ कोच र-2 में सवार थे, जबकि उनकी बहन, उनके दो बच्चे और सास जनरल कंपार्टमेंट में यात्रा कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, रविवार देर रात करीब 2 बजे मुगलसराय रेलवे स्टेशन से पहले ब्लॉक हट-बी के पास ट्रेन पहुंची थी। उस समय दिनेश बाथरूम गए थे। जैसे ही वह बाहर निकले, किसी ने उन्हें गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर यात्री मौके पर पहुंचे। पत्नी भी दौड़कर पहुंची और देखा कि दिनेश का शव खून से लथपथ पड़ा था। ब्लॉक हट-बी के चलते ट्रेन की स्पीड धीमी थी, इसलिए हमलावर ट्रेन से उतर गए। यात्रियों ने पुलिस को सूचना दी। रात 2:42 बजे ट्रेन वाराणसी जंक्शन पहुंची, जहां शव को नीचे उतारा गया।

### इस वायरस से किडनी फेल होने का खतरा

# हंतावायरस के संपर्क में आए 17 यात्री अमेरिका लाए गए, 42 दिन क्वारंटीन में भेजा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

हंता वायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया है। यहां उन्हें 42 दिनों तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा।

अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन सभी यात्रियों को अमेरिकी सरकार के स्पेशल विमान से वापस लाया गया। ये सभी यात्री ह्यट्श होंडियसह्व नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं, जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। इसके बाद एक यात्री में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरे में हल्के लक्षण पाए गए हैं। एहतियात के तौर पर दोनों को स्पेशल सिक्योरिटी सिस्टम में लाया गया।




डॉक्टर अब बाकी यात्रियों की जांच करेंगे कि उनमें संक्रमण है या नहीं। अगर कोई बीमार पाया जाता है तो उसका इलाज किया जाएगा। जो लोग स्वस्थ होंगे, उन्हें घर भेजा जा सकता है, लेकिन उनकी निगरानी जारी रहेगी।

### हंता वायरस के लक्षण दिखने में 8 हफ्ते तक लग सकते हैं

हंता वायरस से इंसानों की किडनी फेल होने का खतरा होता है। कई मामलों में मरीज को तेज बुखार, शरीर दर्द, सांस लेने में दिक्कत और कमजोरी होने लगती है। हालत बिगड़ने पर फेफड़ों में पानी भर सकता है और जान का खतरा भी हो सकता है।

इंसानों में हंता वायरस के लक्षण दिखने में 1 से 8 हफ्ते लग जाते हैं, लेकिन इसके बाद मरीज की हालत तेजी से बिगड़ने लगती है। हल्ड के मुताबिक, हंता वायरस की चपेट में आने वालों में से 35-40% की मौत 6 हफ्तों के अंदर हो जाती है।

हंता वायरस एक खतरनाक वायरस है, जो ज्यादातर चूहों और गिलहरियों जैसे जानवरों से फैलता है। यह उनके मल, पेशाब और लार में पाया जाता है। इसका नाम दक्षिण कोरिया की ह्वहंटानह्व नदी के नाम पर रखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हंता वायरस की एंडीज नाम की एक खास किस्म इंसान से इंसान में भी फैल सकती है। यह संक्रमित व्यक्ति की लार, थूक, साथ खाना खाने या एक ही बिस्तर पर सोने से फैल सकता है। मरीज की देखभाल करने वालों को ज्यादा खतरा रहता है।

इस वायरस का पहला मामला 1993 में अमेरिका में सामने आया था। उस समय एक अमेरिकी दंपत्ति की मौत हुई थी। जांच में उनके घर के आसपास चूहों के बिल और वायरस के निशान मिले थे। अमेरिका के नेशनल इंस्टिट्यूट्स ऑफ हेल्थ के मुताबिक, दुनियाभर में हर साल हंता वायरस के करीब 1.5 लाख मामले सामने आते हैं, जिनमें से ज्यादातर यूरोप और एशिया के होते हैं। इनमें से आधे से ज्यादा मामले चीन से होते हैं। 2018 में अर्जेंटीना की एक बर्थडे पार्टी में यह वायरस 34 लोगों में फैल गया था, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### क्रूज शिप एमवी होंडियस का रूट




### संक्रमित इंसान के करीबी संपर्क से हंता वायरस होता है

अधिकारियों के मुताबिक, हंतावायरस आसानी से नहीं फैलता। यह केवल उस व्यक्ति के बहुत करीबी संपर्क से फैल सकता है जिसमें लक्षण दिखाई दे रहे हों। यूएस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के कार्यवाहक निदेशक जय भट्टाचार्य ने कहा कि पहले यह देखा जाएगा कि कौन-कौन लोग संक्रमित व्यक्ति के करीब थे। उसी हिसाब से उन्हें कम, मध्यम या ज्यादा खतरे वाली श्रेणी में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी यात्री का संक्रमित व्यक्ति से करीबी संपर्क नहीं था, तो उसे कम खतरे वाला माना जाएगा। हालांकि, यह वायरस कोविड-19 की तरह तेजी से नहीं फैलता। ज्यादातर मामलों में यह संक्रमित चूहों के मल, पेशाब या लार के संपर्क में आने से फैलता है। इंसान से इंसान में फैलने के मामले बहुत कम देखे गए हैं। हंता वायरस का अभी कोई खास इलाज या वैक्सीन मौजूद नहीं है। डॉक्टर मरीज के लक्षणों के हिसाब से इलाज करते हैं ताकि उसकी हालत ज्यादा खराब न हो। अगर मरीज को सांस लेने में दिक्कत होती है, तो उसे ऑक्सीजन या वेंटिलेटर की मदद दी जाती है। शरीर में पानी और ब्लड प्रेशर संतुलित रखने के लिए दवाएं और फ्लूइड दिए जाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि जल्दी पहचान और समय पर इलाज से मरीज की जान बचाने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए बुखार, सांस लेने में परेशानी या कमजोरी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल जाना जरूरी है।

## नेतन्याहू बोले- ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई जिंदा हैं, लेकिन उनकी सत्ता पर पकड़ उनके पिता अली खामेनेई जैसी मजबूत नहीं है। CBS न्यूज के शो 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि मुजतबा किसी बंकर या गुप्त जगह पर छिपे हुए हैं और वहीं से सत्ता संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इस समय 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सबसे कमजोर दौर में है। उनके मुताबिक, शासन के भीतर दरारें बढ़ रही हैं और अलग-अलग गुटों में मतभेद सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग संघर्ष जारी रखना चाहते हैं, जबकि दूसरे लोगों को डर है कि इससे अर्थव्यवस्था टूट जाएगी और जनता सड़कों पर उतर सकती है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरानी शासन को सबसे ज्यादा डर अपनी ही जनता से है। उन्होंने दावा किया कि इजराइल और अमेरिका की कार्रवाई के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन बढ़े और लोगों ने शासन के खिलाफ आवाज उठाई।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ हाल की कार्रवाई में पेट्रोकेमिकल प्लांट, स्टील प्लांट और मिसाइल निर्माण से जुड़े कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। उनके मुताबिक, इससे ईरान की अर्थव्यवस्था और सैन्य ताकत दोनों को नुकसान पहुंचा है।

इंटरव्यू में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। उनके मुताबिक, ईरान के पास अब भी एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है, कई परमाणु केंद्र सक्रिय हैं और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइल इस बात पर सहमत हैं कि अगर जरूरत पड़ी तो दोबारा सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर आर्थिक दबाव और समझौते से लक्ष्य हासिल हो जाए तो सैन्य कार्रवाई जरूरी नहीं होगी।

इंटरव्यू में नेतन्याहू ने दावा किया कि अगर इजराइल और अमेरिका ने हाल में कार्रवाई नहीं की होती, तो ईरान एक-दो महीने में परमाणु बम बना सकता था। उन्होंने कहा कि ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलें विकसित करने की कोशिश कर रहा था।

नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ऐसा देश है, जो खुले तौर पर अमेरिका और इजराइल के विनाश की बात करता है। उनके मुताबिक, ईरान की मिसाइल क्षमता भविष्य में अमेरिका तक हमला करने की स्थिति में पहुंच सकती थी। इसी बीच, नेतन्याहू ने यह भी कहा कि ईरानी शासन का कमजोर होना हिजबुल्लाह, हमास और हूती जैसे संगठनों को भी प्रभावित करेगा। उनके मुताबिक, ये सभी संगठन ईरान के समर्थन पर टिके हैं और अगर तेहरान कमजोर हुआ तो इनकी ताकत भी घटेगी।

उन्होंने दावा किया कि युद्ध से पहले हिजबुल्लाह के पास करीब डेढ़ लाख मिसाइलें और रॉकेट थे। इजराइल ने इनमें से 90% से ज्यादा नष्ट कर दिए हैं, लेकिन खतरा अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

# ट्रम्प बोले- ईरान के कट्टरपंथी नेता आखिरकार झुकेंगे, मैं उनसे तब तक निपटूंगा, जब तक वे समझौता नहीं कर लेते

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया है कि ईरान के कट्टरपंथी नेता आखिरकार झुक जाएंगे। फॉक्स न्यूज के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान के साथ तब तक सख्ती से पेश आते रहेंगे, जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता। जब उनसे अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मैं उनसे तब तक निपटूंगा, जब तक वे समझौता नहीं कर लेते।

इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा था कि ईरान क्षेत्रीय तनाव से निपटने के लिए कई रास्तों पर विचार कर रहा है। इनमें सम्मान और मजबूती के साथ बातचीत भी शामिल है।





अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता कई बड़े विवादित मुद्दों में उलझी हुई है। होर्मुज स्ट्रेट, ईरानी जहाजों की अमेरिकी नाकेबंदी, परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे मुद्दों पर दोनों देशों के बीच मतभेद बने हुए हैं।


ट्रम्प ने ईरान के नए प्रस्ताव को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। अमेरिका ने ईरान से 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकने और 60% एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी है। अमेरिका-ईरान तनाव बढ़ने के बाद ब्रेंट क्रूड 104 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज स्ट्रेट में सप्लाई बाधित होने की आशंका से बाजार में चिंता बढ़ी। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम अब बेहद कमजोर स्थिति में है। उन्होंने ईरानी प्रस्ताव को कूड़ा बताते हुए कहा कि अमेरिका अब पूर्ण जीत चाहता है। ईरान ने चेतावनी दी कि फ्रांस और ब्रिटेन के युद्धपोत होर्मुज स्ट्रेट में आए तो तुरंत जवाब दिया जाएगा। वहीं कई जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई।

### अमेरिका ऑयल रिजर्व से 5.33 करोड़ बैरल तेल रिलीज करेगा

ट्रम्प प्रशासन अमेरिकी स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व (रढफ) से 5.33 करोड़ बैरल कच्चा तेल जारी करेगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह फैसला अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के कारण बढ़ती तेल कीमतों के बीच लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका यह कच्चा तेल ऊर्जा कंपनियों को लोन के रूप में देगा। इसका मकसद युद्ध और वैश्विक सप्लाई संकट से प्रभावित बाजार को स्थिर करना है। रॉयटर्स के मुताबिक पिछले महीने अमेरिकी ऊर्जा विभाग ने 9.25 करोड़ बैरल तेल उपलब्ध कराया था। हालांकि एक्सॉन मोबिल, ट्रैफिगुरा और मैराथन पेट्रोलियम समेत 9 ऊर्जा कंपनियों ने उसका सिर्फ 58% हिस्सा ही लिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कदम अमेरिकी ऊर्जा विभाग की बड़ी रणनीति का हिस्सा है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ्र | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ड्ढे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | पा | अ | सौं | बी | जा | ह | कि | बि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# हिमंता दूसरी बार असम के सीएम पद की शपथ लेंगे:4 मंत्री भी बनेंगे

# पीएम मोदी समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे



हिमंता बिस्वा सरमा आज 11 बजे दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ 4 और विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे। समारोह में पीएम मोदी सहित कई ठऊअ शासित राज्यों के सीएम भी शामिल होंगे।

कार्यक्रम के लिए गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में सोमवार को ही तैयारियां शुरू हो गईं। रविवार को असम में बीजेपी की विधायक दल की बैठक हुई, इसमें हिमंता को फिर विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार रात ही पहुंच गए।

## हिमंता बिस्वा सरमा



**जन्म:** 1 फरवरी, 1969 (जोरहाट)

**शिक्षा:** ग्रेजुएट (LLB)

1996-2001 तक गुवाहाटी हाईकोर्ट में वकालत की

### राजनीतिक करियर

- 1988: असम के कॉटन कॉलेज के मुख्य सचिव बने।
- 1992 तक इस पद पर रहे।
- 2001- पहली बार झालुकबाड़ी से विधायक बने।
- 2002- असम की कांग्रेस सरकार में पहली बार मंत्री बने।
- 2011- लगातार तरुण गोगोई की तीसरी सरकार में मंत्री बने।
- 2015- सीएम न बनाने पर कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए।
- 2016- असम में पहली बार NDA सरकार बनी। हिमंता कैबिनेट मंत्री बने।
- 2021- पहली बार असम के सीएम बने।
- 2024- पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में NDA की सरकार बनी।
- 2026- हिमंता के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार NDA की सरकार बनी।

हिमंता ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नेओग मेरे साथ मंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके अलावा रंजीत दास असम विधानसभा के स्पीकर होंगे।

# सीएम के साथ 4 मंत्री शपथ लेंगे

## पूर्वोत्तर में हिमंता भाजपा का चेहरा

पूर्वोत्तर भारत में भाजपा और ठऊअ की बढ़ती ताकत के पीछे हिमंत बिस्वा सरमा महत्वपूर्ण रणनीतिकार माना जाता है। कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद, उन्होंने 'नॉर्थ-ईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस' (ठएऊअ) के संयोजक के रूप में पूरे क्षेत्र में क्षेत्रीय दलों को एक साझा मंच पर लाने में बड़ी भूमिका निभाई। सरमा की जमीनी स्तर पर पकड़ और कठिन से कठिन राजनीतिक परिस्थितियों में गठबंधन बनाने की क्षमता ने पूर्वोत्तर में भाजपा के लिए 'अजेय' द्वार खोल दिए हैं। पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों (असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम) में भाजपा या एनडीए समर्थित गठबंधन की सरकारें हैं।

## नई विधानसभा में 7 महिलाएं, भाजपा 92.1% स्ट्राइक रेट

अपर असम में भाजपा, लोअर इलाकों में कांग्रेस का असर: इखढ ने अपर असम और बराक वैली में क्लीन स्वीप किया। पार्टी ने आधी से ज्यादा सीटें यहीं जीतीं। 3 ट्राइबल इलाकों, बोडोलैंड टेरिटोरियल एरिया, करबी आंगलोंग ऑटोनॉमस काउंसिल और नॉर्थ कछार हिल्स ऑटोनॉमस काउंसिल में भी का दबदबा रहा। यहां असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट ने ज्यादा सीटें जीतीं। कांग्रेस सिर्फ लोअर असम में सिमट गई।

### असम में भाजपा का सबसे ज्यादा 92.1% स्ट्राइक रेट

असम में 126 सीटों पर चुनाव हुआ। भाजपा ने 89 पर चुनाव लड़ा और 82 सीटें जीतीं। उसकी जीत का स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा 92.1% रहा। कांग्रेस 99 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 19 सीटें जीत सकी। उसका स्ट्राइक रेट 21% रहा।

### 7 महिलाएं जीतीं

कुल 126 सीटों पर 59 महिलाएं चुनाव लड़ी थीं। 7 ही चुनाव जीत पाईं। इनमें भाजपा की 6 और कांग्रेस की 1 महिला विधायक है। यह संख्या 2021 के बराबर है। 2011 में सबसे ज्यादा 14 महिलाएं विधायक बनी थीं। असम में कांग्रेस के 20 मुस्लिम उम्मीदवारों में से 18 ने जीत दर्ज की। उसके सहयोगी रायजोर दल ने 2 सीटें जीतीं, जिनमें एक मुस्लिम उम्मीदवार की है।

### परिसीमन के बाद 36% मुस्लिम बहुल सीटें घटीं

2023 में असम में परिसीमन हुआ और विधानसभा सीटों की बाउंड्री दोबारा तय की गई। रळ, रउ की रिजर्व सीटें और बोडोलैंड ट्राइबल रीजन की सीटें बढ़ीं, लेकिन मुस्लिम बहुल सीटें 41 से घटकर 26 रह गईं। राजनीतिक विश्लेषक अशोक मलिक के मुताबिक, ह्यनई सीमाओं ने मुस्लिम बहुल इलाकों के प्रभाव को सीमित कर दिया। साथ ही उन सीटों को भी फिर से व्यवस्थित किया जहां असमिया मुसलमान कम हो रहे थे। इससे हिमंत को उन सीटों पर बढ़त मिली जहां पहले भाजपा कमजोर थी।

**असम चुनाव 2026**

## BJP की 22 सीटें बढ़ीं, AIUDF को 14 सीटों का नुकसान

| पार्टी | सीटें | | | वोट% | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2026 | 2021 | अंतर | 2026 | 2021 | अंतर |
| BJP | 82 | 60 | +22 | 37.81% | 33.6% | +4.21% |
| कांग्रेस | 19 | 29 | -10 | 29.84% | 30% | -0.16% |
| AIUDF | 2 | 16 | -14 | 5.46% | 9.4% | -3.94% |
| AGP | 10 | 9 | +1 | 6.47% | 8% | -1.53% |
| अन्य | 13 | 12 | +1 | 20.42% | 19% | +1.42% |

# असम में तीसरी बार भाजपा की सरकार

असम में भी हिमंता सरकार की वापसी हुई है। भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। इखढ ने यहां अकेले ही 82 सीटें जीतीं, जो बहुमत के आंकड़े से 18 ज्यादा है। मौजूदा भाजपा सरकार का कोई भी मंत्री चुनाव नहीं हारा। ऐसा देश में पहली बार हुआ।



## कांग्रेस और AIUDF के मुस्लिम वोट बंटे, बीजेपी को फायदा

2021 में कांग्रेस और बदरुद्दीन अजमल की अक्लऊऊने साथ चुनाव लड़ा था। उन्हें बंगाली मुसलमानों के 89% तो असमी मुसलमानों के 65% वोट मिले थे। 2026 में यह दोनों धड़े अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक डॉ. जयदीप बरुआ के मुताबिक, 'हिमंता मुस्लिम समुदाय के भीतर दो गुट पैदा करने में सफल रहे हैं। पहले उन्होंने बांग्लादेश से आए 'मियां मुसलमानों' को असमी मुसलमानों के लिए खतरा बताया। फिर असमी मुसलमानों को विशेष दर्जा देकर, उन्हें अपने पाले में सुरक्षित कर लिया।'

हिमंता बिस्वा सरमा की रैलियों में उमड़ने वाली भीड़ वोट में कन्वर्ट हो गई। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया। इससे असमी संस्कृति, परंपरा और भाषा को खतरा बताया। उन्होंने दावा किया कि हर हफ्ते 35-40 बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेज रहे हैं। इससे हिंदू वोटों में बीजेपी की पकड़ मजबूत होती चली गई।

पॉलिटिकल एक्सपर्ट अदिप फुकन के मुताबिक, असम में पहली बार पूरा चुनाव हिमंता के चेहरे पर लड़ा गया। वे अपने तीखे बयानों से खुद को योगी जैसे कट्टर नेता के तौर पर स्थापित करने में सफल हुए।

चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के दो सीनियर नेता भूपेन कुमार बोराह और प्रद्युत बोरदोलोई ने बीजेपी जॉइन कर ली। इससे कांग्रेस का अंदरूनी कलह और राजनीतिक कमजोरी सामने आई।

कांग्रेस ने इस बार पूर्व सीएम तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई की लीडरशिप में चुनाव लड़ा। एक्सपट्र्स मानते हैं कि मई 2025 में असम कांग्रेस अध्यक्ष बने गौरव हिमंता के सामने खुद को स्थापित नहीं कर पाए।

■ वर्ष-12 अंक-188 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 12 मई, 2026

### सुभाषितानि

अव्याकरणमधीतं भिन्नद्रोण्या तरंगिणी तरणम्।
भेषजमपथ्यसहितं त्रयमिदमकृतं वरं न कृतम्।।

**भावार्थ** : बिना व्याकरण के पढ़ना, टूटी हुई नाव से नदी पार करना और अनुपयुक्त आहार के साथ दवा लेना ऐसा करने से बेहतर है कि इसे न करें।

दानं प्रियवाक्सहितं ज्ञानमगर्वं क्षमान्वितं शौर्यम्।
वित्तं दानसमेतं दुर्लभमेतत् चतुष्टयम्।।

**भावार्थ** : प्रेम वचन से दिया हुआ दान, अहंकार रहित ज्ञान, क्षमाशील वीरता और दान की इच्छा से धन-ये चारों दुर्लभ हैं।


## सम्पादकीयम्

### परिभाषा परिवर्तिता

'वर्तमाननियमानुसारं भायार्याः उपरि बलात् बलात्कारः न भवति': एषः कानूनीदोषः महिलानां विरुद्धं अन्यायः भवति मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन वैवाहिकसम्बन्धस्य अन्तः अप्राकृतिकयौनक्रियाणां आरोपाः आपराधिकअपराधरूपेण मान्यतां दातुं न अस्वीकृतवन्तः, येन वैवाहिकबलात्कारस्य विषये बहसः तीव्रः अभवत्। विद्यमाननियमानुसारं पतिः अपवादस्य रक्षणं प्राप्नोति, यद्यपि प्रकरणं सर्वोच्चन्यायालये लम्बितम् अस्ति। नूतनानां नियमानाम् परिभाषाणां च प्रवर्तनस्य अभावेऽपि विवाहितानां महिलानां कृते उपलब्धानां कानूनीसुरक्षाणां विषये प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। अद्यैव मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयेन कस्यचित् व्यक्तिस्य विरुद्धं अप्राकृतियौनकर्मणां आरोपाः खण्डिताः। एते आरोपाः तस्य भायार्याः आनिताः आसन्। न्यायालयेन उक्तं यत्, वर्तमानकानूनीरूपरेखायाः अन्तर्गतं वैधविवाहस्य सन्दर्भे एतादृशानां आरोपानाम् अभियोगः कर्तुं न शक्यते। अस्य निर्णयस्य अनन्तरं पुनः सामाजिकमाध्यममञ्चेषु वैवाहिकबलात्कारसम्बद्धाः चर्चाः उद्भूताः। भारतीयकायदानुसारं वैवाहिकबलात्कारसम्बद्धेषु प्रकरणेषु पतिः अपवादरूपेण वर्गीकृतः भवति। अस्य प्रावधानस्य आव्हानं सर्वोच्चन्यायालये कृतम् अस्ति, यत्र सम्प्रति अस्मिन् विषये सुनवायी प्रचलति। परन्तु अस्य उच्चन्यायालयस्य निर्णयस्य पश्चात् अधुना प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति यत् कानूनस्य अन्तः एव विरोधाभासः अस्ति वा-अथवा अन्तरालः अस्ति वा इति।

### अस्य शोधस्य कृते वैज्ञानिकाः अरब-अरब-आर्द्र-पार्सल्-सहिताः

## जटिल-सङ्गणक-अनुकरणं विकसितवन्तः अमेजन-देशः परस्परं सम्बद्ध-जालरूपेण




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अस्य शोधस्य कृते वैज्ञानिकाः अरब-अरब-आर्द्र-पार्सल्-सहिताः जटिल-सङ्गणक-अनुकरणं विकसितवन्तः, अमेजन-देशः परस्परं सम्बद्ध-जालरूपेण कथं कार्यं करोति इति अवगन्तुं जलविज्ञान-प्रतिरूपणस्य उपयोगं कृतवन्तः अध्ययनेन स्पष्टतया ज्ञातं यत यदा आर्द्रतायाः प्रवाहः बाधितः भवति तदा सम्पूर्णस्य वनस्य लचीलता-प्रतिकूलपरिस्थितीनां सहनक्षमता-क्षयम् आरभते अनावृष्टेः एषः प्रभावः श्रृङ्खलाविक्रिया इव सम्पूर्णे जालपुटे प्रसरति, येषु क्षेत्रेषु अद्यापि वनानां कटनं न जातम् तत्र अपि वृक्षाः मृताः भवन्ति अयं दुष्चक्रः अस्ति यत् अमेजन-देशं अन्तःतः खोटं कुर्वन् अस्ति। पीआईके-निदेशकः अध्ययनस्य सहलेखकः च चेतयति यत् यदि एतत् अमेजन-पारिस्थितिकीतन्त्रं बृहत्प्रमाणेन नष्टं भवति तर्हि तस्य परिणामः केवलं दक्षिण-अमेरिका-देशे एव सीमितः न भविष्यति ब्राजील्, बोलिविया, पराग्वे, अर्जेन्टिना इत्यादयः देशाः-ये कृषिजलसुरक्षायै अमेजन-नद्याः उपरि अवलम्बन्ते-दुर्भिक्षस्य, तीव्र-अनवृष्टेः च स्थितिः भवितुम् अर्हति।

वैश्विकस्तरस्य पृथिव्याः जलवायुसन्तुलनं निर्वाहयितुम् अमेजनः एकः एव महत्त्वपूर्णः कारकः इति रूपेण तिष्ठति। एतत् न केवलं कार्बनस्य पृथक्करणं करोति अपितु वैश्विकवायुमण्डलीयसञ्चारस्य प्रतिमानं अपि प्रभावितं करोति। तस्य पतनम् वैश्विकमौसमचक्रेषु परिवर्तनं प्रेरयिष्यति-एतत् परिवर्तनं यत् कोऽपि प्रौद्योगिकी न्यूनीकर्तुं समर्था न भविष्यति। परन्तु अस्याः क्रूरदृष्टिकोणस्य मध्ये वैज्ञानिकाः अपि आशायाः किरणं प्रदत्तवन्तः। यदि इदानीं अपि जगत् जागरित्वा युद्धपदे कार्यं करोति तर्हि एषा विनाशः अद्यापि निवारयितुं शक्यते इति संशोधने उक्तम्। अस्य कृते अत्यन्तं आवश्यकी पूर्वापेक्षा अस्ति यत् पूर्वमेव नष्टानां क्षेत्राणां पुनर्स्थापनेन सह वनानां कटनस्य तत्कालं पूर्णतया च निवृत्तिः वैज्ञानिकाः ब्राजील-सर्वकारस्य योजनां-पुनर्स्थापनस्य चाप-उपक्रमस्य अन्तर्गतं-प्रायः १२ मिलियन-हेक्टे-वनेः पुनः सजीवीकरणं क्रान्तिकारी-पदं मन्यन्ते अपि च, वैश्विकतापमानस्य वृद्धिः १.५-डिग्री-सीमायाः अन्तः एव तिष्ठति इति सुनिश्चित्य वैश्विक-उत्सर्जनस्य तीव्र-कमीकरणं सर्वथा आवश्यकम् अस्ति।

एतत् संशोधनं केवलं वैज्ञानिकदस्तावेजं न भवति; अपितु प्रकृतिं केवलं उपभोगस्य वस्तुरूपेण द्रष्टुं आगता मानवसभ्यतायाः अन्तिमचेतावनीरूपेण कार्यं करोति। अमेजनस्य वृक्षाः केवलं काष्ठस्य खनिजस्य वा स्रोतः न सन्ति इति स्मरणं करोति; ते जीवितयन्त्राणि सन्ति ये अस्य ग्रहस्य पोषणं कुर्वन्ति, तम् आवासीयं श्वसनीयं च धारयन्ति।

### मानसिकरूपेण अस्थिरः

## युवानः तप्ततापस्य मध्ये १५०-फुट्-उच्चं ३३ केवी-शक्तिगोपुरं आरोहति

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरमण्डले अद्य प्रातः ९:०० वादनस्य समीपे पाटनस्य समीपे स्थिते खमरियाकाला (तेन्दुहेडा) ग्रामे बिज्जु आदिवासी नामकः मानसिकरूपेण अस्थिरः युवकः ३३ केवी विद्युत् रेखा गोपुरं आरोहितवान्। गोपुरे बिज्जु-नगरस्य दर्शनेन सम्पूर्णे ग्रामे कोलाहलः जातः, क्षणमात्रेण तत्रैव ग्रामजनसमूहः समागतः। ग्रामजनानां सूचनां प्राप्य विद्युत्मण्डलस्य, पुलिसस्य, प्रशासनस्य च अधिकारिणः आगत्य युवानः अधः आरोहणार्थं बहुवारं आग्रहं कृतवन्तः तथापि सः कस्यचित याचनां श्रोतुं न अस्वीकृतवान्। स्थले आवश्यकविशेषसाधनानाम् अभावात् जबलपुरतः उद्धारदलं आहूतम्।

सूत्रानुसारं बिज्जू आदिवासी-तेन्दुहेडा-नगरस्य खमरिया-कला-नगरस्य निवासी २५ वर्षीयः-मानसिक-विकार-रोगेण पीडितः अस्ति। अद्य प्रातः ७:०० वादनस्य समीपे सः ३३ केवी विद्युत्रेखागोपुरस्य आरोहणं आरब्धवान्। बिज्जुः गोपुरस्य आरोहणं दृष्ट्वा जनाः अलार्मं कृत्वा तस्य अधः आगन्तुं उद्घोषयन्ति स्म, परन्तु सः अधिकं ऊर्ध्वं आरोहति स्म। अन्ततः बिज्जुः प्रायः १५० पादपर्यन्तं ऊर्ध्वतां प्राप्तवान्।

एषा वार्ता ग्रामे वन्यजलाग्निवत् प्रसृता, तत्रैव ग्रामजनानां बहुसंख्या समागतवती। प्रतिवेदनं प्राप्य पुलिस-प्रशासनिक-अधिकारिणः आगत्य युवानां अवरोहणार्थं प्रेरयितुं प्रयत्नेषु अपि सम्मिलिताः। यदा युवा अद्यापि अवतरितुं न अस्वीकृतवान् तदा सुरक्षासावधानीरूपेण विद्युत्रेखाः निष्क्रियः अभवत्, तदनन्तरं जबलपुरतः उद्धारदलम् आहूतम्। स्थानीयनिवासिनां मते बिज्जुः पूर्वं द्वौ वा त्रयः वा अवसराः अपि विद्युत्गोपुरेषु आरोहणं कृतवान् अस्ति।

## बार्गी बांधक्रूजदुर्घटनाप्रकरणं उच्चन्यायालयं प्राप्तवान्

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य बर्गीजलबन्धे यत् क्रूज-दुर्घटना अभवत् तस्य विषये प्रकरणं अधुना उच्चन्यायालयं प्राप्तवान्। भोपालनिवासी कमलकुमारराथी इत्यनेन जबलपुरनगरस्य मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयस्य प्रमुखपीठे जनहितमुकदमानि (पीआईएल) दाखिलानि सन्ति, यत्र गम्भीरप्रशासनिकप्रमादस्य परिणामः इति दुर्घटनायाः विशेषता अस्ति। याचिकायां उत्तरदायी इति ज्ञातानां अधिकारिणां विरुद्धं आपराधिककार्याणि, राज्ये सवेषु जलक्रीडाणां क्रूज्-सञ्चालनानां च सुरक्षा-लेखापरीक्षा, अन्वेषणं पूर्णं न भवति तावत् सर्वाणि क्रूज-नौका-सेवानि निलम्बितानि इति आग्रहः कृतः अस्ति याचिकायां उक्तं यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य एप्रिल-मासस्य ३० दिनाङ्के बर्गी-जलबन्धे प्रचलति स्म 'नर्मदा-क्रूज्'-यानं तीव्र-तूफानस्य, उच्चतरङ्गानाम् च मध्ये पलटितम्।

### राशिफल

**मेष** : आपको बचत करने का कोई छोटा लेकिन स्मार्ट तरीका मिल सकता है, जैसे कोई डील या कोई अनावश्यक खर्च न करना।

**वृषभ** : अपने आस-पास के लोगों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ेंगे। काम ज्यादा रोमांचक रहेगा। थोड़ा धैर्य रखें।

**मिथुन** : आपका स्वाभाव आपको मजेदार और केंद्रित दोनों तरह की गतिविधियों में मार्गदर्शन करेगा।

**कर्क** : आज का दिन खुशी और खोज की भावना लेकर आया है। सेहत में कमजोरी महसूस हो सकती है।

**सिंह** : काम पर आपका ध्यान आपको प्रोजेक्ट पूरा करने में मदद करेगा। काली वस्तु का दान करें, लाभ होगा।

**कन्या** : आप लंबित मुद्दों का समाधान पा सकते हैं। आपका संतुलित दृष्टिकोण तनावपूर्ण सिचुएशन में शांति ला सकता है।

**तुला** : शांत रवैया आपको विचारों को आसानी से साझा करने और पूरे दिन तनाव कम रखने में मदद करता है।

**वृश्चिक** : आज लाइफ में रोमांस पर फोकस करें। आप मौज-मस्ती और काम को आसानी से कर सकते हैं।

**धनु** : संतुलित मानसिकता रखें और खुद पर भरोसा रखें। ऑफिस में आपका ध्यान केंद्रित रहेगा।

**मकर** : अच्छे शब्द आपके मूड को खुश कर देते हैं। आपका दिमाग आपको काम पूरा करने में मदद करता है।

**कुंभ** : आप छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर कर सकते हैं, व्यक्तिगत सीमाओं को मजबूत कर सकते हैं।

**मीन** : दोस्तों को मुद्दों को सुलझाने में मदद करें। आज शांति से सरल कार्यों के साथ मौज-मस्ती को संतुलित करें।

### ज्योतिष/वास्तु

# बुध नक्षत्र परिवर्तन से इन राशियों की चमकेगी किस्मत, धन लाभ के मिलेंगे नए मौके

बुध नक्षत्र परिवर्तन कई राशियों के लिए तरक्की, नई सोच और आर्थिक लाभ के रास्ते खोल सकता है। खासकर जो लोग व्यापार, शिक्षा, लेखन से जुड़े हैं, उनके लिए यह समय काफी अनुकूल रहने वाला है।



बुध 25 मई 2026, सोमवार की रात 11 बजकर 49 मिनट पर नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। इस दौरान वह मृगशिरा नक्षत्र में अपना स्थान लेंगे और 2 जून 2026 तक भी यहीं बनें रहेंगे। चूंकि बुध बुद्धि व वाणी के कारक ग्रह हैं। इसलिए इस गोचर का प्रभाव जातकों के करियर-कारोबार में पड़ सकता है। इस दौरान कुछ राशियों की परेशानियां भी बढ़ सकती हैं, लेकिन कुछ जातकों को व्यापार में अच्छे परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जातकों की तर्क शक्ति भी बढ़ सकती हैं। संयोग की बात यह है कि, मृगशिरा नक्षत्र जिज्ञासा और नए अवसरों का प्रतीक होता है। ऐसे में बुध का इस नक्षत्र में प्रवेश करना इन 3 राशियों के लिए लकी साबित होगा। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**मेष राशि-** बुध नक्षत्र परिवर्तन से मेष राशि वालों को विशेष लाभ हो सकता है। यह समय आपके लिए व्यापार में लाभ के मनचाहे अवसर लेकर आएगा। कुछ नया सीखने और करने की इच्छा बढ़ेगी। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे और रुके हुए काम पूरे होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को धन लाभ होने की पूरी संभावनाएं हैं, क्योंकि बुध आपकी राशि के स्वामी हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा और वरिष्ठों से सराहना भी मिल सकती है। घर और बाहर दोनों जगह लोगों से मनचाहा सहयोग मिलेगा। व्यापार में लाभ के योग बनेंगे और नई योजनाएं सफल हो सकती हैं। धन लाभ के आपको अच्छे अवसर प्राप्त होंगे और सभी का सहयोग भी मिलता दिख रहा है।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए यह समय प्रगति का संकेत दे रहा है। धन लाभ के अच्छे योग बन सकते हैं और करियर में नई दिशा मिलने की संभावना है। अगर आप किसी नए काम की शुरूआत करना चाहते हैं, तो यह समय आपके लिए अनुकूल साबित हो सकता है। कुछ समय से चली आ रही पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आएगा। दोस्तों के साथ घूमने की योजना बनाएंगे। व्यापार आपका आगे बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### सवाई माधौपुर में मजदूरी करती मिली लापता नाबालिग

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र से 30 अप्रैल को नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 10 दिन बाद नाबालिग के राजस्थान में होने की खबर मिलते ही थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने एएसआई राजीवसिंह चौहान, आरक्षक राजेश सोयल, जीवन जाट और महिला आरक्षक मोनिका राव की टीम राजस्थान के सवाई माधौपुर रवाना की। जहां नाबालिग बालिका मजदूरी करती मिल गई। सोमवार सुबह बालिका को भाटपचलाना लाया गया और बयान दर्ज किये गये। बालिका ने परिवार से नाराज होकर बिना बताये घर से ट्रेन में बैठ सवाई माधौपुर तक जाना बताया। नाबालिग के सकुशल मिलने पर पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### फर्जी प्रिंसिपल को भेजा जेल, साथी की तलाश जारी

**उज्जैन।** बिहार के कटिहार मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 4.50 लाख की धोखाधड़ी करने वाले फर्जी प्रिंसिपल जयंत पिता ज्योति सरकार निवासी शांतिपाट भक्तिनगर जलपाईगुडी पश्चिम बंगाल को कानुपर जेल से नीलगंगा थाना पुलिस प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिये उज्जैन लाई थी। इस दौरान आरोपी ने धोखाधड़ी में अपने साथी सुमन गुप्ता का नाम कबूला, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। एसआई यादवेन्द्र परिहार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मंछामन गणेश कालोनी में रहने वाले एमआर सतीशचंद्र पटेल ने 29 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अपने बेटे हर्ष का मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम कटिहार मेडिकल कॉलेज से संपर्क किया गया था, लेकिन उनकी बात फर्जी प्रिंसिपल से हुई थी। जिसने 25 हजार रुपए तो कॉलेज के अकाउंट में जमा कराये थे और शेष राशि ठग ली थी। सोमवार को प्रोटेक्शन वारंट पर पूछताछ के लिये लाये गये फर्जी प्रिंसिपल का रिमांड खत्म होने पर उसे वापस जेल भेजा गया है। अब उसके साथी की तलाश में एक टीम पश्चिम बंगाल रवाना की जायेगी।

### हिरासत में महिला से गलत काम करने वाला युवक

**उज्जैन।** घर के बाहर खड़ी महिला को धक्का देकर कमरे में ले जाने के बाद गलत काम करने वाला युवक पुलिस की हिरासत में आ गया है। जिसके खिलाफ दुष्कर्म की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड पर रहने वाली 30 वर्षीय महिला घर के बाहर खड़ी थी। उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला सचिन पिता अशोक राठौर आया और महिला से बोला दोस्ती करना चाहता हूं। महिला कुछ समझ पाती और विरोध करती उससे पहले सचिन ने धक्का देकर उसके कमरे में किया और गलत काम करने लगा। महिला ने खुद को बचाने का प्रयास किया और शोर मचाया। आवाज सुनकर महिला की बेटी आई तो सचिन धमकी देकर भाग निकला। महिला अपने साथ हुई घटना से काफी भयभीत हो गई थी। तभी सचिन दोबारा आया और कहा कि किसी को बताया तो अच्छा नहीं होगा। महिला ने मामले की शिकायत परिजनों के साथ थाने पहुंचकर की। पुलिस ने सचिन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 588-1 | 770-4 |
| मेन बाजार | 899-6 | 579-1 |
| मिलन डे | 489-1 | 345-2 |
| मिलन नाइट | 128-1 | 580-3 |

4 7 9

## हिरासत में आने पर 40 किलो तांबे का स्क्रेप और 2 डीवीआर किये बरामद

# 34 दिन में दो बदमाशों ने तोड़े थे 3 दुकानों के ताले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चिमनगंज क्षेत्र में 34 दिन में हुई चोरी की 3 वारदात में शामिल 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक बदमाश नाबालिग है, दोनों पारदी समुदाय के होना सामने आये है। जिनकी निशानदेही पर 90 हजार का मश्रुका बरामद किया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 26 मार्च को उद्योगपुरी गोदाम से हजारों रुपए का तांबा स्क्रैप चोरी हो गया था। मामले की शिकायत गोदाम संचालक अमित जैन द्वारा दर्ज कराई गई थी। बदमाशों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे थे। इसी बीच 29 अप्रैल कृषि उपज मंडी में दीपक सोनी निवासी पार्श्वनाथ सिटी की फल दुकान के साथ आगररोड पर हरिओम नमकीन दुकान में चोरी की वारदात हो गई थी। नमकीन दुकान संचालक दीपक



भिनवानी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया था। दोनों दुकानों से डीवीआर के साथ नमकीन और कुछ नगद चोरी हुआ था। 34 दिनों में 3 स्थानों पर हुई चोरी का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के साथ सायबर टीम की मदद ली गई और एएसआई राजेश पंचोली, प्रधान आरक्षक सतीश यादव, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप चौधरी, जगदीश गेहलोत, रवि पटेल, वीरसिंह यादव की टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और कैमरों की मदद से थाने के समीप झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले साहिल उर्फ भेरिया की पहचान हो गई। जिसे हिरासत में लिया गया और पूछताछ शुरू की गई तो उसने ग्राम लालाखेड़ा में रहने वाले नाबालिग साथी के साथ मिलकर तीनों वारदात करना कबूल कर लिया। नाबालिग को हिरासत में लेकर दोनों की निशानदेही पर फल और नमकीन दुकान से चोरी किया गये 2 डीवीआर के साथ एक हजार की नगद राशि बरामद की गई। वहीं गोदाम से चोरी किया गया 40 किलो तांबे का स्क्रैप जप्त किया गया है। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए होना पाई गई है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से साहिल को जेल भेजा गया है।

### इन वारदातों में बदमाशों को नहीं सुराग

शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। नीलगंगा थाना क्षेत्र की तिरुपति डायमंड कालोनी में 26 अप्रैल को इंजीनियर-शिक्षिका दंपति के मकान में 40 लाख की बड़ी चोरी होना सामने आया था। वहीं 2 मई को सार्थक नगर में जैन परिवार के मकान लाखों की चोरी हुई थी। बदमाशों ने 1 मई को दिनदहाड़े पंवासा थाना क्षेत्र के माधोपुरा में भाजपा की महिला पार्षद के घर को निशाना बनाया था। सार्थकनगर चोरी के मामले में बाइक सवार 2 बदमाश दिखाई दिये थे। वहीं पंवासा क्षेत्र की चोरी में कार की जानकारी मिली थी, लेकिन अब तक पुलिस को बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया है।

# ट्रेन से गिरा यूपी का युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती ट्रेन से सोमवार उत्तरप्रदेश का युवक गिर गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपने भाई और 2 साथियों के साथ सुरत जा रहा थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव भाई के सुपुर्द किया, जिसे उत्तरप्रदेश ले जाया गया है।

उत्तरप्रदेश के हमीरपुर का रहने वाला जगदीश पिता उदयभान 39 साल गुजरात के सूरत में साड़ी फैक्ट्री में काम करता था। रविवार को भाई अर्जुन, दोस्त जगत और एक अन्य के साथ झांसी बांद्रा एक्सप्रेस ट्रेन में उत्तरप्रदेश से सूरत जाने के लिये निकला था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने से पहले सोमवार तड़के 5 बजे के लगभग पिंगलेश्वर में गेट पर बैठा जगदीश अचानक गिर गया। भाई और दोस्तों को उसके गिरने का पता चला तो वह ट्रेन रूकवाने का प्रयास करने लगे, लेकिन ट्रेन कुछ देर में ही उज्जैन स्टेशन पहुंच गई। भाई ने मामले की सूचना जीआरपी को दी, लेकिन मामला पंवासा थाना क्षेत्र का था। भाई और दोस्त पंवासा थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पुलिस पिंगलेश्वर पहुंची और जगदीश को अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। भाई ने बताया कि जगदीश सूरत की साड़ी फैक्ट्री में काम करता था और 2 बच्चों का पिता था। जगदीश 2 माह से उत्तरप्रदेश स्थित हमीरपुर घर पर था। जहां से वापस फैक्ट्री लौट रहा था। संभवतः गेट के बैठने होने पर ठंडी हवा का झोंका लगने पर सुबह-सुबह आंख लग गई और गिर गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव भाई और दोस्तों के सुपुर्द किया।

## निजातपुरा में रहवासियों का फूटा गुस्सा

# जेसीबी रोककर रुकवाया चौड़ीकरण का काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

निजातपुरा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य में बरती जा रही लापरवाही और अव्यवस्थाओं से परेशान रहवासियों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। क्षेत्रवासियों ने सड़क पर उतरकर निर्माण कार्य का विरोध किया और जेसीबी के सामने खड़े होकर काम रुकवा दिया। रहवासियों का आरोप है कि लंबे समय से चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है, लेकिन अब तक न तो सड़क निर्माण पूरा हुआ है और न ही नालियों का निर्माण किया गया है।

रहवासियों ने बताया कि पिछले 20 से 25 दिनों से क्षेत्र के कई घरों में नलों से पानी नहीं पहुंच रहा है। चौड़ीकरण के दौरान की गई खुदाई और तोड़फोड़ में



कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते कई घरों में गंदा और मटमैला पानी पहुंच रहा है, व कई घरों में पानी ही नहीं आ रहा।जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण पूरा इलाका अव्यवस्थित हो गया है। जगह-जगह सड़कें खुदी पड़ी हैं, नालियां अधूरी हैं और धूल-मिट्टी के बीच लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है। रहवासियों ने आरोप लगाया कि चौड़ीकरण शुरू होने के बाद से क्षेत्र में नारकीय स्थिति बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**निरीक्षण और निर्देशों के बाद भी नहीं आई तेजी-** रहवासियों ने बताया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, लेकिन इसके बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

## अस्पतालों की जांच के लिये निकला स्वास्थ्य विभाग

# अस्पताल-क्लीनिक छोड़ भाग निकले डॉक्टर-कंपाउंडर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में 11 वर्षीय बालिका की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान हुई मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल-क्लीनिक की जांच शुरू कर दी है। जांच टीम के पहुंचने से पहले अस्पताल और क्लीनिक छोड़ डॉक्टर कम्पाउंडर भाग रहे है। सोमवार को 2 दर्जन से अधिक अस्पतालों की जांच की गई। कुछ में सिर्फ पंखे चलते मिले।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे है। जहां नियम विरूद्ध मरीजों का उपचार किया जा रहा है। कई बार स्वास्थ्य विभाग नियमों को लेकर समय-समय पर नोटिस जारी कर चुका था। बावजूद निजी अस्पतालों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जिनका नतीजा शनिवार को एक बार फिर सामने आया था। मंछामन कालोनी में जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में



11 साल की दीपिका डाबी की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामे और चक्काजाम के बाद प्रशासन से लेकर स्वास्थ्य विभाग का अमला हरकत में आ गया था। स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों और क्लीनिको की जांच के लिये पांच टीमों का गठन कर दिया। सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमे जांच के लिये निकली। इस दौरान ढांचा भवन और भैरवगढ़ क्षेत्र में अस्पताल-क्लीनिक खुले मिले, लेकिन डॉक्टर, कम्पाउंडर गायब थे, सिर्फ पंखे चल रहे थे। टीमों ने कई अस्पतालों की जांच की जहां काफी खामियां होना सामने आई। संचालकों को नोटिस जारी किये गये है। दिनभर में 2 दर्जन से अधिक अस्पतालों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शुरू की गई जांच के बाद अस्पताल और क्लीनिक संचालित करने वालों में हड़कंप मच गया है। कई तो अस्पताल बंद कर भाग निकले है।

### मेडिकलों की जांच में मिली खामियां

अस्पतालों और क्लीनिको की जांच के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पतालों के समकक्ष संचालित होने वाले मेडिकलों की जांच भी शुरू की है। इस दौरान मेडिकलों पर खामियां होना सामने आया है। सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल के अनुसार अब तक की गई जांच में अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जांच टीम आगामी दिनों में अपनी मुहिम को जारी रखेगी और नियम विरूद्ध अस्पताल-क्लीनिक संचालित करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जायेगा।

### राजनैतिक दबाव की सामने आई जानकारी

जांच टीम में शामिल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि फ्रीगंज क्षेत्र में अस्पतालों पर पहुंची टीम के मांगने पर पंजीयन दिखाए गए, जबकि पंजीयन को बाहर ही लगाने का नियम है। यही नहीं इसके अतिरिक्त बायो मेडिकल वेस्ट के पंजीयन एवं विभागीय नियमों का पालन में कोताही मिली है। इसे लेकर जांच टीम में शामिल सदस्यों के पास राजनैतिक दबाव के लिए फोन पहुंचने शुरू हो गए हैं।

### नियम ये कहता है

स्वास्थ्य विभाग के रुग्णालय पंजीयन के नियमों पर अगर नजर डाली जाए तो क्लिनिक एवं अस्पताल के पंजीयन को बाहर ही सदृश्य होने वाली स्थिति में लगाया जाना है। इसके साथ ही संशोधित नियमों में बायो मेडिकल वेस्ट के पंजीयन के साथ ही डिग्री का प्रदर्शन भी किया जाना है। यही नहीं संबंधित क्लिनिक एवं अस्पताल के पर्दे पर पंजीयन का नंबर एवं दिनांक अंकित किया जाना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com